वर्ष : 33 ▸ अंक : 108 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, गुरुवार, 4 जुलाई 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल



# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## संसद में पहले ही सत्र से शुरू हुआ सरकार और विपक्ष में टकराव

# हंगामे के साथ संसद के विशेष सत्र का समापन

- लोकसभा में विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित
- विपक्ष ने राष्ट्रपति को धन्यवाद देने में नहीं दिया सरकार का साथ
- अगले बजट सत्र में भी टकराव के आसार, बढ़ सकती हैं सरकार की मुश्किलें

एजेंसी | नई दिल्ली

अठारहवीं लोकसभा की शुरुआत में ही सरकार और विपक्ष में तीखा टकराव शुरू हो गया है। पहले विशेष सत्र में दोनों पक्षों में न केवल तीखे शब्दबाण चले बल्कि लोकसभा अध्यक्ष के लिए चुनाव हुआ और सरकार ने विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी पारित किया। इसका असर पूरे पांच साल रह सकता है और सरकार को विधायी कामकाज निपटाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है, खासकर संविधान संशोधन जैसे विधेयकों पर, जिनमें दो तिहाई समर्थन की जरूरत होती है। मंगलवार को लोकसभा और बुधवार को राज्यसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने के साथ ही संसद का पहला विशेष सत्र पूरा हो गया है।

**सरकार ने विपक्ष के आचरण की निंदा करते हुए प्रस्ताव पारित किया :** संसदीय इतिहास में संभवत: यह पहला मौका होगा, जबकि किसी लोकसभा के पहले ही सत्र में सरकार ने विपक्ष के आचरण की निंदा करते हुए प्रस्ताव पारित किया हो। हालांकि, इससे भी ज्यादा हंगामा और अशोभनीय दृश्य लोकसभा में कई बार देखे गए हैं। दरअसल, दस साल बाद लोकसभा में मुख्य विपक्षी दल के रूप में कांग्रेस के सामने आने और राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद विपक्ष के तेवर तीखे हैं। हाल में नीट और नेट की परीक्षाओं में धांधली को लेकर और मणिपुर की घटनाओं को लेकर उसने सरकार को घेरने की कोशिश की है। दूसरी तरफ संख्या बल में कमी के बावजूद तीसरी बार सत्ता में आया एनडीए विपक्ष के किसी भी दबाव में आने के बजाय पलटवार करने में जुटा रहा।

### इस बार सहमति पर असहमति के सुर भारी पड़े

संसद में संवाद की जगह विवाद ज्यादा बढ़े और सहमति पर असहमति के सुर भारी पड़े। दोनों पक्षों ने बैठकों के जरिये संवाद के लिए मीडिया व सोशल मीडिया को ज्यादा अपनाया और इससे दूरियां और ज्यादा बढ़ीं। इसके चलते लोकसभा में सांसदों की शपथ के लिए प्रोटेम स्पीकर को लेकर शुरू हुआ टकराव राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव तक जारी रहा। सत्तापक्ष और विपक्ष केवल राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान में ही एक साथ खड़ा नजर आया।

### राज्यसभा में भी टकराव पहले से ज्यादा बढ़ा

लोकसभा ही नहीं, राज्यसभा में भी टकराव पहले से ज्यादा बढ़ा। नेता विपक्ष कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खरगे सभापति की आसंदी के सामने तक आ गए। सभापति की तरफ से भी विपक्ष के बहिर्गमन पर बेहद कड़ी टिप्पणी की गई। अमूमन उच्च सदन में ऐसी स्थितियां यदा-कदा ही बनती हैं। इसी टकराव की वजह रही कि दोनों सदनों में राष्ट्रपति को धन्यवाद देने में विपक्ष ने सरकार का साथ नहीं दिया।

### अगला सत्र बजट सत्र

चूंकि अगला सत्र बजट सत्र होगा। ऐसे में विपक्ष के तेवर और तीखे होंगे। मणिपुर और नीट जैसे मुद्दों पर इस बार विपक्ष की चर्चा की मांग नहीं मानी गई और सरकार ने सत्र को सांसदों की शपथ व राष्ट्रपति के अभिभाषण के एजेंडे तक सीमित रखा, लेकिन अगले सत्र में सभी मुद्दे सामने आएंगे। ऐसे में सरकार का जोर बजट एवं अन्य विधायी कामकाज पर होगा, जबकि विपक्ष अपने मुद्दों पर बहस के लिए अड़ेगा।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### राहुल गांधी के घर के बाहर पुलिस ने सुरक्षा बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ाई है। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि पुलिस को मंगलवार को ऐसे इनपुट मिले हैं कि हिंदूवादी संगठन उनके घर के बाहर हंगामा कर सकते हैं। इसके चलते पैरामिलिट्री का एक प्लाटून राहुल के घर के बाहर तैनात किया गया है, जिसमें स्थानीय पुलिस भी शामिल है। सोमवार को राहुल ने लोकसभा में भाजपा के खिलाफ जो भाषण दिया था, उसके चलते संसद में काफी हंगामा हुआ था। राहुल के भाषण को लेकर हिंदूवादी संगठनों में नाराजगी है, जिसकी वजह से पुलिस को शक है कि प्रदर्शनकारी उनके घर के बाहर पोस्टर और होर्डिंग लेकर जुट सकते हैं।

### पुणे के खतरनाक पर्यटन स्थलों पर 3 महीने में 27 मौतें

**मुंबई/पुणे।** तीन दिन पहले भुशी डैम पर एक भयावह हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें पूरा परिवार पानी में बह गया था। इसके बाद पुणे प्रशासन ने हादसे पर गंभीरता से संज्ञान लिया। कलेक्टर सुहास दिवसे ने पुणे के पर्यटन स्थलों के लिए एक अधिसूचना जारी की है। आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अनुसार, मावल, मुलशी, अंबेगांव, खेड़, जुन्नार, भोर, वेल्हा, इंदापुर और हवेली में धारा 163 लागू की गई है। पुणे जिला प्रशासन का दावा है कि वह मॉनसून के दौरान पर्यटकों का ख्याल रखता है। पर्यटकों की सुरक्षा के लिए 31 जुलाई तक मावल तालुका में भूसी बांध और पावना झील क्षेत्र में पर्यटकों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके साथ ही प्रशासन ने पुणे जिले के खतरनाक स्थानों की एक सूची भी तैयार की है। इसमें मावल तालुका के भूसी बांध, बेंडेवाडी, खंडाला के टाइगर पॉइंट, लायन पॉइंट, राजमाची पॉइंट, सहारा ब्रिज, पावना झील, टाटा बांध, घुबड़ फॉल्स पर पर्यटकों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव

# दो उम्मीदवारों के नामांकन खारिज

- अब 11 सीटों के लिए 12 प्रत्याशी मैदान में

धीरज सिंह | मुंबई

महाराष्ट्र विधान परिषद के लिए 12 जुलाई को होने वाले द्विवार्षिक चुनाव के सिलसिले में दो निर्दलीय उम्मीदवारों के नामांकन पत्र बुधवार को जांच के दौरान खारिज कर दिए गए। इसके बाद राज्य विधानमंडल के ऊपरी सदन की 11 सीटों के लिए 12 उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। जिन दो निर्दलीय उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज किए गए हैं, उनमें अजय सिंह मोती सिंह सेंगर और अरुण रोहिदास जगताप शामिल हैं।

### इनमें होगी लड़ाई




सभी उम्मीदवारों ने मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे के करीबी सहयोगी मिलिंद नार्वेकर को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने वर्तमान MLC प्रज्ञा सातव को उम्मीदवार बनाया है, जबकि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) वर्तमान विधान परिषद सदस्य और पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी (पीडब्ल्यूपी) के नेता जयंत पाटिल को समर्थन दे रही है। ये तीनों पार्टियां महा विकास आघाडी गठबंधन की घटक हैं। वहीं सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने पूर्व मंत्री पंकजा मुंडे, अमित गोरखे, सदाभाऊ खोत, योगेश तिलेकर और परिणय फुके को टिकट दिया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने पूर्व सांसद कृपाल तुमाने और भावना गवली को मैदान में उतारा है। तो उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) ने राजेश विटेकर और शिवाजीराव गर्जे पर भरोसा जताया है।

### उद्धव ने जीत का किया दावा

महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधान सभा में विपक्ष के मौजूदा संख्या बल के मद्देनजर उसके केवल दो उम्मीदवार ही विधान परिषद चुनाव जीत सकते हैं। ठाकरे ने कहा कि ''हमारे तीनों उम्मीदवार जीतेंगे।'' यह पूछे जाने पर कि विपक्षी गठबंधन के पास अपने तीसरे उम्मीदवार की जीत के लिए पर्याप्त संख्या बल नहीं है, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि ''यदि हमें जीत का विश्वास न होता तो हम ऐसा नहीं करते।''

### जानिए, क्या है जीत का गणित ?

महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा में अभी 14 पद रिक्त हैं, जहां निर्वाचक मंडल की संख्या 274 है, और जीतने वाले उम्मीदवार के लिए कोटा 23 है। विधानसभा में अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के पास 41 विधायक हैं, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिव सेना के पास 40 और बीजेपी के पास 103 हैं। वहीं महाविकास आघाडी में कांग्रेस के 37, शिवसेना (यूबीटी) के 13 और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के 15 विधायक हैं।

# दाऊद के इशारे पर चल रहे ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़

## 327 करोड़ रुपए का मेफेड्रोन और कच्चा माल जब्त

दोपहर संवाददाता | भायंदर

काशीमीरा पुलिस ने लगभग 327 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की है। पुलिस ने तेलंगाना, गुजरात, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र से 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह रैकेट डॉन दाऊद इब्राहिम के इशारे पर उसका गुर्गा समील डोला चला रहा था।




### 15 आरोपी गिरफ्तार

पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे ने बताया कि अब तक की जांच में पता चला है कि यह कारखाना दाऊद इब्राहिम की शह पर समील डोला चला रहा था और गिरफ्तार किए गए आरोपित सीधे दाऊद से बात किया करते थे। इस मामले की गहन छानबीन जारी है। मई से चल रहे इस ऑपरेशन में पुलिस अब तक 15 आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है और चार राज्यों से 327 करोड़ 69 लाख 43 हजार रुपए की ड्रग्स, ड्रग्स बनाने का कच्चा माल जब्त कर चुकी है।

### कई राज्यों में कार्रवाई

मीरा भायंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि काशीमीरा पुलिस ने नालासोपारा से अभिषेक सिंह को गिरफ्तार कर उसके पास से एमडी ड्रग और चार पिस्तौल जब्त की थी। अभिषेक से कड़ी पूछताछ के बाद 15 मई को क्राइम ब्रांच ने शोएब मेमन और निकोलस टाइटस को ठाणे घोड़बंदर से दो करोड़ रुपए की ड्रग के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दयानंद मुद्दनर और बाबा जेनेमिया शेख को हैदराबाद से और एक आरोपित को यहां नरसापुर से गिरफ्तार किया। इनके पास से 20 लाख 60 हजार रुपए कीमत का 103 ग्राम एमडी पाउडर, 25 करोड़ रुपए कीमत का 25 किलो कच्चा एमडी केमिकल और एमडी बनाने के लिए जरूरी अन्य सामग्री जब्त की गई। पुलिस ने दयानंद से मिली जानकारी के आधार पर धनश्याम सरोज और मोहम्मद मोइन को गोरेगांव, मुंबई से गिरफ्तार किया। मोईन की कार में 14 लाख की कीमत एमडी ड्रग को जब्त कर किया गया। फिर पुलिस ने 27 मई को बाबू सिद्धेश जाधव को ठाणे से गिरफ्तार कर लिया और उसके घर से 53 हजार रुपए ड्रग बनाने का कच्चा माल जब्त कर लिया गया। इन आरोपितों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने समील डोला को मुंबई से और जुल्फिकार उर्फ मुर्तजा कोठारी को सूरत से गिरफ्तार किया और उनके पास से 10 .84 लाख रुपए नकद जब्त किए गए थे। पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे ने बताया कि इन आरोपितों की निशानदेही पर काशीमीरा इलाके में एमडी ड्रग बनाने का कारखाना भी पुलिस ने ध्वस्त किया था। इस कारखाने में करीब तीन सौ करोड़ की एमडी ड्रग बनाने का सामान कच्चा माल जब्त किया गया था।

# अंबादास दानवे ने माफी मांगी, निलंबन रद्द होने के आसार

नितिन तोरस्कर | मुंबई

विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे ने सदन में हुए दुर्व्यवहार मामले में बुधवार को माफी मांग ली है। इसलिए दानवे का निलंबन गुरुवार को रद्द किए जाने की संभावना है। दानवे के निलंबन को रद्द किए जाने की मांग को लेकर बुधवार को शिवसेना (यूबीटी) के सदस्यों ने विधान परिषद के कामकाज का बहिष्कार किया।



### क्या है मामला ?

अंबादास दानवे ने सोमवार को विधान परिषद सभागृह में भाजपा सदस्य प्रसाद लाड के प्रस्ताव का विरोध किया था। इसी वजह से इन दोनों के बीच जुबानी जंग और गाली-गलौच हुई। इसी वजह से मंगलवार को अंबादास दानवे को पांच दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने दानवे के निलंबन को एकतरफा ठहराते हुए कहा था कि उन्हें अपनी बात रखने का अवसर दिया जाना चाहिए था। उद्धव ठाकरे ने कहा कि वे दानवे की ओर से महाराष्ट्र की जनता से माफी मांगते हैं। इसके बाद अंबादास दानवे ने विधान परिषद की उप सभापति को पत्र लिखकर कहा कि उनके नेता ने माफी मांग ली है और वे भी सदन और महाराष्ट्र की जनता की माफी मांग रहे हैं, इसलिए उनका निलंबन रद्द किया जाए।

### विधान परिषद की फर्श पर बैठकर कामकाज में लिया हिस्सा

महाविकास आघाड़ी के सहयोगी दल के विधायकों ने विधान परिषद की फर्श पर बैठकर कामकाज में हिस्सा लिया। इसके बाद विधान परिषद की उप सभापति नीलम गोरहे के कार्यालय में पार्टी नेताओं की बैठक हुई। बैठक में गुरुवार को प्रश्नोत्तर काल खत्म होने के बाद अंबादास दानवे का निलंबन वापस लेने का निर्णय लिया गया है।

# मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना में अड़चन डालने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई : शिंदे

- सभी जिलाधिकारियों को सख्त निर्देश

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना में अड़चन डालने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। सीएम शिंदे ने इस तरह का सख्त निर्देश सभी जिलाधिकारियों को दिया है। साथ ही योजना को हर जरूरतमंद तक पहुंचाने के लिए हर जिले में नोडल अधिकारी नियुक्त करने का भी निर्देश दिया है।

### 'दलालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा'



मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को विधान भवन में पत्रकारों को बताया कि इस योजना से सम्बंधित कागजात उपलब्ध कराने, फॉर्म भरने आदि का प्रलोभन देने वाले दलालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर किसी कार्यालय में इस तरह की शिकायत आई तो संबंधित कार्यालय प्रमुख पर और दलालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस योजना में में आवेदन करने की समय सीमा 31 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। सीएम शिंदे ने बताया कि माता-बहनों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए सरकार ने यह योजना शुरू की है। इस योजना की पात्र महिलाओं को प्रति महीना डेढ़ हजार रुपए यानी सालाना 18 हजार रुपए राज्य सरकार की ओर से मिलेंगे। इसके लिए 46 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

**अपील** | कोर्ट में जान के खतरे का किया दावा

# जेल बदलने के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंचा अबू सलेम

दोपहर संवाददाता | मुंबई

अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम को अपनी जान पर खतरा मंडरता हुआ नजर आ रहा है। यही वजह है कि उसने विशेष अदालत में नवी मुंबई की तलोजा जेल से नासिक सेंट्रल जेल में शिफ्ट करने के आदेश के खिलाफ अर्जी दी थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। अब गैंगस्टर अपनी गुहार लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट की शरण में पहुंचा है। उसने जेल बदलने के आदेश को अपने खिलाफ साजिश करार दिया है।



### फिलहाल तलोजा जेल में है अबू सलेम

अबू सलेम नवी मुंबई की तलोजा जेल में 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। उसका कहना है कि तलोजा जेल उसके लिए बहुत सुरक्षित रही है। किसी अन्य जेल में भेजे जाने पर उसके प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्य उस पर हमला कर सकते हैं। बुधवार को सलेम की याचिका न्यायमूर्ति ए एस गडकरी और नीला गोखले की खंडपीठ के समक्ष रखी गई। खंडपीठ ने बिना कोई कारण बताए इस याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। याचिका अब दूसरी खंडपीठ के समक्ष रखी जाएगी। अबू सलेम ने अपनी याचिका में कहा है कि दिल्ली में उसके दो मुकदमे चल रहे हैं। उसे वहां की अक्सर यात्रा करनी पड़ती है। किसी अन्य जेल में स्थानांतरित करने से उसकी दिल्ली यात्रा प्रभावित होगी, जिससे उसके खिलाफ मुकदमे में देरी हो सकती है।

**तलोजा जेल के अंदर मौजूद हाई सिक्योरिटी सेल की हालत खस्ता :** अबू सलेम की याचिका पर जेल अधिकारियों ने विशेष अदालत को बताया था कि उसको नासिक सेंट्रल जेल में स्थानांतरित करने की आवश्यकता है, क्योंकि तलोजा जेल के अंदर मौजूद हाई सिक्योरिटी सेल की हालत खस्ता है। उसे तत्काल मरम्मत की आवश्यकता है। इस पर सलेम ने तर्क दिया था कि उसे तलोजा जेल के अंदर ही किसी अन्य बैरक में स्थानांतरित किया जा सकता है।

### मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले में है दोषी

साल 2017 में अबू सलेम को 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले में दोषी ठहराया गया था। उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। उसे 11 नवंबर, 2005 को पुर्तगाल से प्रत्यर्पित करके भारत लाया गया था। मार्च 2006 को विशेष टाडा अदालत ने उसके और उसके सहयोगी रियाज सिद्दीकी के खिलाफ आठ आरोप दायर किए थे। उस पर हथियार बांटने का आरोप भी लगाया गया था।

# सरकार ने सुरक्षा, आर्थिक मामलों और राजनीतिक मामलों पर कैबिनेट कमेटियां बनाईं

एजेंसी | नई दिल्ली

मोदी सरकार ने बुधवार को सुरक्षा, आर्थिक मामलों और राजनीतिक मामलों के लिए कैबिनेट कमेटियां बना दीं। इनमें भाजपा के कैबिनेट मिनिस्टर्स के अलावा सहयोगी दलों के मंत्रियों को भी जगह दी गई है।



### सहयोगी दलों के सांसदों को भी जगह

सुरक्षा पर बनी कैबिनेट कमेटी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस जयशंकर हैं। आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी में पीएम मोदी के अलावा राजनाथ, शाह, निर्मला सीतारमण, जयशंकर, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी (JDS) शामिल हैं। इस कमेटी में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह (JDU) भी शामिल हैं। वहीं, राजनीतिक मामलों की कैबिनेट कमेटी में राजनाथ, शाह, निर्मला सीतारमण, ललन सिंह, जेपी नड्डा, सामाजिक न्याय मंत्री वीरेंद्र कुमार, नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू (TDP), आदिवासी मामलों के मंत्री जुएल ओरांव, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल शामिल हैं। इसमें कानून राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और एल मुरुगन को भी शामिल किया गया है।

दोपहर

यदि आपको दो बजे दोपहर अख़बार में विज्ञापन देना हो तो संपर्क करें 9892161162

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| चांदी (.999) | 97,700 |
| सोना स्टैंडर्ड | 74,455 |

### मौसम

| | तापमान | नमी |
|---|---|---|
| मुंबई | 30.0-24.0 | 73% |

| | | |
|---|---|---|
| सूर्यास्त | गुरुवार | 07:20 बजे |
| सूर्योदय | शुक्रवार | 06:05 बजे |

IGR INDIA GROUND REPORT दो बजे दोपहर

मुंबई आसपास

# वर्षा बार पर उल्हासनगर मनपा की तोड़क कार्रवाई

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

पुणे के बाद उल्हासनगर के छमछम ऑर्केस्ट्रा बार उल्हासनगर मनपा के रडार पर आ गए हैं। दो दिन पहले मनपा अजीज शेख के आदेश पर पुलिस व मनपा ने संयुक्त कार्रवाई कर दो अनाधिकृत बार पर बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया था. इसके बाद शहर में चर्चा होने लगी कि मनपा की कार्रवाई ठंडी पड़ गयी है।

मंगलवार को ठाकरे गुट के जिलाध्यक्ष धनंजय बोडारे अपने पदाधिकारियों के साथ आयुक्त से मिलकर लिखित निवेदन देकर अन्य विवादास्पद बारों पर भी




कार्रवाई.करे नही तो शिवसेना अपने अंदाज में आंदोलन करेगी, जिसके उपरांत सहायक आयुक्त गणेश शिंपी के नेतृत्व में कैंप- 3 के वर्षा बार तोड़ने की कार्रवाई की गई।

## 26 फरवरी 2020 को हुई थी सबसे बड़ी कार्रवाई

इसके पहले 26 फरवरी 2020 को सबसे बड़ी कार्रवाई श्रीराम चौक स्थित ऑर्केस्ट्रा बार सहित एप्पल बार,हंड्रेड डे,चांदनी बार,आंचल पैलेस,राखी बार,होटल 90 नामक 6 आर्केस्ट्रा डांस बारो में बने खुफिया तहखानों पर कार्यवाही की गई थी. तब तत्कालीन डिप्टी कमिश्नर नितिन कपडनिस, असिस्टेंट कमिश्नर गणेश शिंपी ने बार में बार बालाओ के लिए तैयार किए गए गुप्त तहखानों को तोड़ दिया था। तब बार कई महीनो के लिए बंद कर दिया गया. सहायक आयुक्त गणेश शिंपी ने बताया कि आयुक्त अजीज शेख के आदेश पर शहर के अन्य बारों के दस्तावेज मंगवाए गए हैं और अनाधिकृत पाए गए बारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से उल्हासनगर में अनाधिकृत ऑर्केस्ट्रा डांस बार के संचालक काफी परेशान हैं।

## मुख्यमंत्री के आदेश का पालन

पुणे में ड्रग मामले के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पुणे समेत पूरे राज्य में अनाधिकृत बार और पब के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए थे. इस आदेश के बाद मनपा ने शहर के सभी बारों के दस्तावेजों और परमिटों की जांच की थी.और श्रीराम चौक स्थित दो ऑर्केस्ट्रा बार एप्पल और एंजल के अनाधिकृत पाए जाने पर अपर आयुक्त किशोर गावस, सहायक आयुक्त गणेश शिम्पी. सहायक आयुक्त मनीष हिवरे, दत्तात्रय जाधव, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवाल की मौजूदगी में टीम ने बुलडोजर (जेसीबी) के जरिए बाहरी हिस्से और आंतरिक साज-सज्जा को ध्वस्त कर दिया. लेकिन उसके बाद शहर में देखा गया कि कार्रवाई ठंडी पड़ गई थी. ठाकरे गुट के जिला प्रमुख धनंजय बोडारे ने इस मुद्दे पर आयुक्तों का ध्यान आकर्षित किया, तो बुधवार सुबह सहायक आयुक्त गणेश शिम्पी के नेतृत्व में वर्षा बार के खिलाफ तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई।

# महिला पर पति ने चाकू से किया हमला

## राहगीरों की मदद से बची जान

**दोपहर संवाददाता | विरार**

मुंबई के निकट विरार रेलवे स्टेशन के पुल पर बुधवार को 27 वर्षीय एक महिला पर उसके पति ने चाकू से हमला कर दिया लेकिन राहगीरों की मदद से वह अपनी जान बचाने में कामयाब रही। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान शिवा भीम शर्मा के रूप में हुई है, जिसे पकड़कर राजकीय रेलवे पुलिस को सौंप दिया गया। पीड़िता विशिला शर्मा सुबह काम पर जा रही थी तभी उसके पति ने पीछे से उसका मुंह बंद कर दिया और चाकू से उसकी गर्दन पर वार किया। अधिकारी ने कहा, 'लेकिन महिला ने अपने हाथों से चाकू पकड़ लिया और चिल्लाने लगी, जिससे शर्मा घबरा गया। उसने चाकू खींच लिया, जिससे उसकी पत्नी की उंगलियों में चोट आ गई। इस बीच लोग महिला की मदद के लिए दौड़े और उसके पति को दबोच लिया।'

### आरोपी गिरफ्तार

आरोपी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 (हत्या का प्रयास) के तहत गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस हमले के पीछे के मकसद की जांच कर रही है।

# दुष्कर्म के दो आरोपियों को 20-20 वर्ष का कठोर कारावास

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

ठाणे की एक अदालत ने 2019 में 12 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म के जुर्म में एक दिव्यांग समेत दो लोगों को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। सजा सुनाते हुए अदालत ने कहा कि दोषियों ने बच्ची का पूरा जीवन बर्बाद कर दिया, जो अपूरणीय क्षति है। विशेष पॉक्सो अदालत की जज रूबी यू मालवंकर ने 29 जून को मामले में आदेश परित करते हुए दोनों दोषियों पर 26-26 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। जज ने दोषियों से मिलने वाली जुर्माने की राशि पीड़िता को मुआवजे के रूप में देने के निर्देश दिए। उन्होंने पीड़िता को मुआवजा देने के लिए फैसला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के पास भेजने के भी निर्देश दिए।

### 2019 में हुई वारदात

विशेष लोक अभियोजक रेखा हिवराले ने अदालत को बताया कि पीड़िता और उसके भाई-बहन महाराष्ट्र के ठाणे शहर के कलवा इलाके में अपने दादा-दादी के साथ रहते थे। अक्टूबर 2019 में पीड़िता अपनी सहेली के साथ एक पार्क में गई, जहां एक आरोपी ने उसे लालच दे कर फुसलाया। आरोपी ने शारीरिक रूप से दिव्यांग दूसरे आरोपी के घर ले जाकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया और शोर मचाने पर उसका मुंह बंद कर दिया। आरोपी ने उसे अपराध के बारे किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। उसने पीड़िता को धमकाकर कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। तीन दिसंबर 2019 को पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने आरोपियों को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम सहित प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया।

### जज ने आदेश में क्या कहा ?



जज ने आदेश में कहा, 'अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर, अपराध में दोनों आरोपियों की संलिप्तता स्पष्ट है।' उन्होंने कहा कि हालांकि एक आरोपी ने 'जबरन यौन अपराध' करने में व्यक्तिगत रूप से भाग नहीं लिया था, लेकिन उसने अपराध में मदद की। जज के अनुसार, वह पीड़िता को यह जानते हुए भी हर बार दूसरे आरोपी के घर ले गया कि वहां पीड़िता के साथ 'जघन्य अपराध' होगा। जज ने कहा कि दिव्यांग होने के बावजूद आरोपी ने अपराध में मदद की। अदालत ने कहा, 'मामले के तथ्यों और परिस्थितियों, प्रस्तुत साक्ष्यों और प्रस्तुत तर्कों के आलोक में प्रतीत होता है कि दोनों आरोपियों ने एक गंभीर और जघन्य अपराध किया तथा 12 साल की एक बच्ची का पूरा जीवन बर्बाद कर दिया। यह पीड़िता के लिए एक अपूरणीय क्षति है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती।' उन्होंने कहा कि इसके साथ ही, सजा सुनाते समय इन तथ्यों पर विचार किया जाना भी आवश्यक है कि दोनों आरोपी युवा हैं और उनमें से एक दिव्यांग भी है । जज ने कहा, 'अतः अदालत के विचार में आजीवन कारावास या मृत्युदंड की सजा देने के बजाय, अभियुक्तों को जुर्माना सहित कम से कम सजा दी जानी चाहिए और इससे न्याय का उद्देश्य पूरा होना चाहिए।'

# पड़घा ग्राम पंचायत के मनमाने प्रबंधन के खिलाफ भूख हड़ताल



**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी तालुका के तेजी से हो रहे पडघा ग्राम पंचायत क्षेत्र के शहरीकरण में विभिन्न मुद्दों के खिलाफ सुनील पाटिल के नेतृत्व में ग्राम विकास समाज संस्था के पदाधिकारियों ने पडघा ग्राम पंचायत कार्यालय के बाहर सांकेतिक श्रृंखलाबद्ध भूख हड़ताल शुरू की है। इस विरोध प्रदर्शन में उपाध्यक्ष डॉ. पवन महाजन, अशफाक शेख, सचिव जयेश जाधव, कोषाध्यक्ष मनोज गुंजल आदि शामिल हुए।

### क्या है मामला?

ग्राम पंचायत सीमा में सरकारी गोचरण भूमि पर अतिक्रमण पर कार्रवाई करने का आदेश होने पर भी ग्राम सेवक और ग्राम पंचायत कोई भी अधिकारी कार्रवाई नहीं करते। ग्राम पंचायत सीमा में विगत पांच वर्षों से वसूले गए मंडी कर को शासन के नियमानुसार ग्राम पंचायत के बैंक खाते में नियमित भुगतान न कर लाखों का भ्रष्टाचार करने पर संबंधित के विरुद्ध मामला दर्ज कराया जाए। जल जीवन मिशन योजना में 14 करोड़ रुपए खर्च करने के बाद भी नागरिकों को पानी नहीं मिलने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए, ग्राम पंचायत द्वारा दो पानी टंकी होने की झूठी जानकारी कोर्ट में देने पर कानूनी मामला दर्ज किया जाए, 14 करोड़ की जल योजना के तहत पानी नहीं मिल रहा, दिव्यांगों के लिए 2018 से 2022 के तहत मिलने वाली राशि अभी तक नहीं मिला है दिव्यांगों की राशि में की गई गड़बड़ी पर नियमानुसार मामला दर्ज किया जाय। सरकारी नियमों के अनुसार दिव्यांगों के लिए लंबित राशि दिलाने की मांग कर रहे हैं। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष सुनील पाटिल ने बताया है कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा तब तक यह क्रमिक भूख हड़ताल जारी रहेगी।

# ठाणे में रेल मंत्रालय करेगा नए रेलवे स्टेशन का काम

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

भारत सरकार के स्मार्ट सिटी मिशन के तहत महाराष्ट्र शासन व ठाणे महानगरपालिका स्मार्ट सिटी के माध्यम से नये रेलवे स्टेशन के विषय पर बुधवार को दिल्ली में केंद्रीय रेलमंत्री अश्विन वैष्णव के साथ सांसद श्रीकांत शिंदे,सांसद नरेश म्हस्के, मनपा आयुक्त सौरभ राव,अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी के साथ बैठक हुआ। रेलमंत्री वैष्णव ने स्टेशन, रेलवे ट्रैक के साथ रेल परिसर का निर्माण कार्य करने के लिए आश्वासन दिया और रेल परिसर के बाहर का कार्य डेक, रॅम्प आदि का स्मार्ट सिटी के माध्यम से किया जायेगा। इस बैठक में मनपा आयुक्त सौरभ राव ने इस योजना की जानकारी दी। सांसद श्रीकांत शिंदे व सांसद नरेश म्हस्के ने रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य के लिए रेल निधि से करने के लिए विनती की।

## रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लिया निर्णय



# वालधुनी नदी के पुल की लंबाई-चौड़ाई बढ़ाने की मांग



**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

वालधुनी नदी पैनल क्र १२ के गौशाला से संजय गाँधी नगर को जोड़ने वाला नवनिर्मित पुल की लंबाई नदी पात्र से भी कम किये जाने से नागरिकों पर बाढ़का खतरा मंडरा रहा है, जिसे देखते हुए स्थानीय समाजसेवक फिरोज खान ने नाराजगी व्यक्त करते हुए मनपा को निवेदन पत्र देकर लंबाई बढ़ाने की मांग की है।

## प्रशासन ने एक सप्ताह में अलग प्रोविजन करने का आश्वासन दिया

उल्हासनगर तीन गौशाला से संजय गांधी नगर उल्हासनगर स्टेशन को जोड़ने वाला पुल दो वर्ष पहले जर्जर होने के कारण नए पुल निर्माण कार्य ठेका झां पी.कंपनी को दिया था। पानी की लाइन व अन्य कई दिक्कतों के कारण निर्माण कार्य मे काफी विलंब हुआ।लेकिन अब बन भी रहा है तो जितना बड़ा नदी का पात्र है उससे छोटा पुल बनाया जा रहा है, अगर पुल की चौडाई व लंबाई कम की गई तो पानी का ठहराव होगा और बरसात मे सम्राट अशोक नगर, वडोलगाव रेणुका सोसायटी, आशीर्वाद सोसायटी, संजय गाँधी नगर, अयोध्या नगर के परिसरो में पानी जमा होने की संभावना बढ सकती है, जिसको लेकर पूर्व नगरसेविका इसरद सऊद खान, वरिष्ठ समाजसेवक जमील खान, फिरोज़ खान ने नाराजगी जताते हुए प्रशासन को लिखित पत्र देकर मांग की हैं.की पांच स्लॅब डाले है पाणी जाने के लिए पाच पिल्लर बनाये है और एक और छोटा पिल्लर बनाये जिससे वहा पर पाणी का बहाव अच्छे से हो सके। प्रशासन ने मांग मान्य करते हुए एक सप्ताह में अलग प्रोविजन करने का आश्वासन दिया है और आने वाले 20 दिन मे ये पुल नागरिको के चालू हो जाने का प्रशासन ने आश्वासन दिया है।

# अनधिकृत इमारत पर चला मनपा का हथौड़ा

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी महानगर पालिका क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से अनधिकृत इमारतों के निर्माणों कार्य में वृद्धि हो रही है। जिसकी शिकायत मिलने पर मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने अनधिकृत इमारतों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया था। जिसके बाद प्रभाग समिति क्रमांक एक के अंतर्गत बंजार पट्टी नाका स्थित रोलेक्स होटल के पास आसिफ अहमद खान का सिटी सर्व न. 4289 घर न. 195/0 पर अनधिकृत चार मंजिला इमारत का निर्माण कार्य चल रहा था। जिसकी शिकायत मिलते ही प्रभाग समिति 1 के सहायक आयुक्त राजेंद्र वरलीकर ने अतिक्रमण विरोधी



टीम के साथ उक्त इमारत पर तोड़क कार्रवाई की है। मनपा द्वारा अवैध इमारत पर इस कार्रवाई को लेकर अवैध निर्माणा करने वालों में हड़कंप मच गया है।

# झगड़े के बाद महिला की हत्या

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने बुधवार को 38 वर्षीय एक व्यक्ति को एक महिला की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

### आरोपी का महिला के साथ विवाहेतर संबंध

आरोपी के महिला के साथ कथित रूप से विवाहेतर संबंध थे। शिल-डायघर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मुंब्रा इलाके के रहने वाले आरोपी और 32 वर्षीय महिला के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे और कुछ मुद्दों को लेकर उनके बीच अक्सर झगड़ा होता था। उन्होंने बताया कि आरोपी का विवाह हो चुका था जबकि महिला अविवाहित थी।

## आरोपी गिरफ्तार

### गला घोंटकर हत्या

अधिकारी ने बताया कि दोनों मंगलवार को मुंब्रा के एक 'लॉज' में गए जहां उनके बीच झगड़ा हुआ जिसके बाद व्यक्ति ने महिला की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उसने महिला को बिस्तर पर मृत पाया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपी को बुधवार तड़के गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# आठ दिनों में तहसीलदार कार्यालय में सेतु शुरू करें : मनसे

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

उल्हासनगर। तहसील कार्यालय में सेतु केंद्र (नागरिक सुविधा केंद्र) पिछले डेढ़ वर्षो से बंद है, नागरिक सुविधा केंद्र के बंद होने से नागरिकों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है.उन्हें दलालों की सहायता लेनी पड़ रही है जिस कारण नागरिकों को आर्थिक और मनोवैज्ञानिक क्षति हो रही है। नियमों के अनुसार सरकारी प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए 35 रुपये का भुगतान करना होगा, लेकिन सेतु केंद्र बंद होने के कारण नागरिको को 1 हजार से 12 सौ रुपये का भुगतान करना पड़ रहा है। मनसे के जिला अध्यक्ष बंडू देशमुख और शहर अध्यक्ष संजय घुगे ने नागरिको को राहात देने के लिए जल्द से जल्द सेतु शुरू करने की मांग तहसीलदार को निवेदन पत्र के माध्यम से की है।



# अवैध ढाबों पर बुलडोजर

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी शहर और ग्रामीण इलाकों में बड़ी संख्या में अवैध ढाबे बना कर चलाए जा रहे हैं और ये ढाबे वन विभाग, आदिवासी भूमि और कंडलवन भूमि पर अतिक्रमण करके बनाए गए हैं। अब राजस्व विभाग की नजर इन ढाबों पर पड़ी है। ग्रामीण इलाकों में राजस्व विभाग की ओर से की गई कार्रवाई में अवैध ढाबों पर बुलडोजर चला गया है। राजस्व विभाग की इस कार्रवाई से अवैध ढाबा मालिकों में हड़कंप मच गया है।

## राजस्व और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई



भिवंडी प्रांताधिकारी अमित सानप और तहसीलदार अभिजीत खोले के आदेश पर राजस्व विभाग और पडघा पुलिस की मदद से सवाद में अनधिकृत दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया, बापगांव में संदीप ढाबा, द बैकयार्ड और जय मल्हार ढाबा को भी ध्वस्त किया गया और बोरीवली से सोनाले स्थित पी होटल को जेसीबी की मदद से तोड़ दिया गया है। भिवंडी के तहसीलदार अभिजीत खोले ने बुधवार को बताया कि राजस्व और वन विभाग के तहत कांडल वन विभाग के संयुक्त अभियान में जेसीबी की मदद से काशेली खाड़ी के तट पर चौपाटी ढाबा और काल्हेर खाड़ी के तट पर एमएच 10 ढाबा पर जेसीबी की मदद से कार्रवाई की गई है।

# ऑनलाइन जुआ पर पुलिस का छापा

## 2 गिरफ्तार, एक की तलाश जारी

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी के धामनकर नाका स्थित बीएनएन कॉलेज के पास चल रहे ऑनलाइन जुगार पर शहर पुलिस ने छापा मार कर 22 हजार 950 रुपए जुआ की रकम जब्त कर दो जुआरियों को गिरफ्तार किया है और एक अन्य फरार आरोपी की तलाश पुलिस कर रही है।

### कार्रवाई को लेकर अन्य जुआरियों में हड़कंप

बता दें की हाल ही में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जुआ अड्डा तथा नशे के कारोबारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिसके बाद पुलिस विभाग ने अवैध कारोबारियों पर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार भिवंडी के वरहाल देवी रोड स्थित बी.एन.एन कॉलेज के पास महेंद्र गायकवाड के कार्यालय के ऊपर पहली मंजिल पर चल रहे ऑनलाइन जुगार की सूचना पुलिस को मिली थी। जिसके बाद पुलिस की टीम वहां छापा मार कर ₹ फन रॉयलेट ₹ नामक ऑनलाइन जुगार चला रहे राजेश सतीष बुन्बेरा 25, श्रीनिवास अशोक कोंकट 35 को गिरफ्तार कर लिया है। जिनके खिलाफ पुलिस ने जुगार प्रतिबंधक एक्ट 1887 की कलम 40 व 5 और लॉटरी अधिनियम 1998 की कलम 7(3), 9(1) के तहत मामला दर्ज किया है।

# 'मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना' का फॉर्म भरने के लिए उमड़ी भीड़

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

महाराष्ट्र सरकार द्वारा घोषित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत, आवेदन पत्र खरीदने के लिए पूरे महाराष्ट्र में महिला लाभार्थियों की भीड़ उमड़ने के बाद आवेदन पत्र भरने की समय सीमा और योजना की कुछ शर्तों में छूट दी गई थी। इसके बाद भी बुधवार को भिवंडी शहर के सेतु कार्यालय में लड़की बहिन योजना के आवेदन खरीदने के लिए महिलाएं भीड़ में जुट गयी। ऐसा देखा गया कि महिलाओं को यह नहीं पता था कि इस आवेदन के साथ आय प्रमाण और निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। चूँकि महिलाओं को इस बात की जानकारी नहीं है कि आवेदन स्थानीय ग्राम पंचायत कार्यालय और आंगनवाड़ी में भी उपलब्ध होंगे, इसलिए इस योजना के बारे



में बहुत अधिक जन जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है जब ग्रामीण क्षेत्रों से महिलाएँ आवेदन पत्र खरीदने शहर में आती हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान महिलाओं को सत्ता में आने के बाद दी जाने वाली राशि को लेकर चुनाव के बाद भाजपा के कार्यकर्ता महिलाओं को भड़काकर कांग्रेस कार्यालय भेज कर पैसा मांगने के लिए मजबूर कर रहे थे। ठीक इसी तरह अब यह लाडली लड़की योजना को लेकर सही जानकारी न होने से भाजपा का सर दर्द बढ़ता जा रहा है क्योंकि महिलाएं स्थानीय सेतु कार्यालय में भारी भीड़ लग रही है।

दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है : स्वामी विवेकानंदराय

## 3 हफ्ते बढ़ाई जा सकती है गोयल की अंतरिम जमानत

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को बंबई उच्च न्यायालय से कहा कि जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को चिकित्सा आधार पर दी गई दो महीने की अंतरिम जमानत को तीन सप्ताह के लिए, बढ़ाया जा सकता है, बशर्ते वह अपनी चिकित्सा जांच टाटा कैंसर अस्पताल में कराएं। उच्च न्यायालय ने ईडी द्वारा धनशोधन मामले में गिरफ्तार किए गए गोयल को छह मई को चिकित्सा आधार पर दो महीने के लिए अंतरिम जमानत दी थी। गोयल (75) ने अब अंतरिम जमानत बढ़ाए जाने का आग्रह करते हुए आवेदन दायर किया है। गोयल के वकील आबाद पोंडा ने बुधवार को न्यायमूर्ति एन.जे. जमादार की एकल पीठ को बताया कि उनकी (गोयल) स्वास्थ्य स्थिति खराब बनी हुई है और यहां तक कि उनका मानसिक स्वास्थ्य भी बिगड़ रहा है। पोंडा ने कहा, 'वह (गोयल) अवसाद की स्थिति में हैं। उनके मन में आत्महत्या के विचार आ रहे हैं। उन्होंने अपनी पत्नी को पीड़ा में और मरते देखा है तथा अब वह खुद भी उसी दौर से गुजर रहे हैं।' वकील ने एक मनोचिकित्सक की रिपोर्ट सौंपी जिसने गोयल की जांच की थी। ईडी के वकील हितेन वेनेगांवकर ने इस पर अदालत से कहा कि एक उचित मेडिकल रिपोर्ट की आवश्यकता है। वेनेगांवकर ने कहा, 'अंतरिम जमानत को तीन सप्ताह के लिए बढ़ाया जा सकता है, लेकिन टाटा कैंसर अस्पताल में उनकी जांच की जानी चाहिए और एक उचित मेडिकल रिपोर्ट इस अदालत में जमा की जानी चाहिए।' पोंडा ने कहा कि गोयल टाटा कैंसर अस्पताल जाने के इच्छुक नहीं हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि तीन सप्ताह की अवधि को चार सप्ताह किया जा सकता है ताकि गोयल प्रारंभिक लेप्रोस्कोपिक सर्जरी करा सकें।

### भुशी बांध हादसा

## मृतक के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपए की सहायता मिलेगी : महाराष्ट्र सरकार

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा को बुधवार को बताया गया कि लोनावला में भुशी बांध के निकट दुर्घटनावश डूबने से मारे गए पांच व्यक्तियों के परिजन को मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच-पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री अजित पवार ने यह घोषणा करते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए खतरनाक पर्यटन स्थलों और प्रतिबंधित क्षेत्रों में चेतावनी पट्टी लगाई जाएगी।



### चेतन तुपे ने विधानसभा में उठाया यह मुद्दा

पुणे के लोकप्रिय हिल स्टेशन लोनावला में भुशी बांध के निकट झरने में बहने के कारण एक महिला और चार बच्चों की मौत हो गई थी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक चेतन तुपे ने विधानसभा में यह मुद्दा उठाया था। पुणे जिले के संरक्षक मंत्री पवार ने आश्वासन दिया कि सभी 36 जिलों में जिला नियोजन समितियों को खतरनाक स्थानों पर बोर्ड लगाने और नायलॉन जाल व बैरिकेड जैसे अतिरिक्त सुरक्षा उपायों पर विचार करने का निर्देश दिया जाएगा। पवार ने कहा, 'लोनावला की घटना में मरने वालों के परिवारों को मुख्यमंत्री राहत कोष से वित्तीय सहायता के रूप में 5-5 लाख रुपये दिए जाएंगे।'

# आज से खुलेगा गोखले-बर्फीवाला ब्रिज

## ब्रिज के आधे-अधूरे तैयार होने पर विपक्ष ने शिंदे सरकार से पूछे थे तीखे सवाल

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई के सी.डी. बर्फीवाला और गोखले ब्रिज को यातायात के लिए जोड़ दिया गया है। प्रोजेक्ट्स को पूरा करने में लेटलतीफी के लिए बदनाम बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने कि बीएमसी ने सी.डी. बर्फीवाला फ्लाईओवर और गोपालकृष्ण गोखले फ्लाईओवर को अंधेरी ईस्ट और वेस्ट के बीच आवागमन के लिए जोड़ दिया गया है। ट्रैफिक पुलिस के निर्देशानुसार, अगले दो दिनों में यातायात प्रबंधन से संबंधित सहायक कार्य और परीक्षण पूरे कर लिए जाएंगे। इसके बाद, लेन को गुरुवार, 4 जुलाई 2024 को शाम 5 बजे से पश्चिम-पूर्व यातायात के लिए खोल दिया जाएगा





### विपक्ष ने शिंदे सरकार को घेरा

गौरतलब है कि महाविकास अघाड़ी के नेताओं ने ब्रिज के आधे-अधूरे तैयार होने पर शिंदे सरकार से तीखे सवाल पूछे। शिवसेना (यूबीटी) नेता आनंद दुबे ने सरकार की आलोचना करते हुए कहा, "दोनों ब्रिज के बीच 1.5 मीटर की ऊंचाई का अंतर है। सरकार क्या चाहती है? क्या वे उम्मीद करते हैं कि मुंबईकर लंबी छलांग लगाकर फ्लाईओवर तक पहुंचेंगे? राज्य सरकार न केवल लापरवाह है बल्कि उसने मुंबईकरों को धोखा भी दिया है।"



### आदित्य ठाकरे ने ब्रिज को लेकर उठाए सवाल

शिवसेना यूबीटी अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के बेटे और राज्य के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने भी इस परियोजना की आलोचना की और इसे भ्रष्ट शासन के कारण आधा-अधूरा, शर्मनाक रूप से विलंबित पुल बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, "यह भारत में और शायद दुनिया में एक बड़ी बात है कि जिन दो पुलों को जोड़ा जाना था, उनकी ऊंचाई में 6 फीट का अंतर है।" गोखले ब्रिज की खराब हालत के कारण इसे नवंबर 2022 से वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया गया था। 2018 में पुल का एक हिस्सा ढह गया था, जिसके कारण दो लोगों की मौत हो गई थी।

# टी-शर्ट और फटी जींस पर लगे प्रतिबंध लगाना तालिबानी फतवा: सरनाईक

दोपहर संवाददाता | मुंबई

कॉलेज में ड्रेस कोड वाला मुद्दा बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा में भी उठा। 27 जून को मुंबई के एक कॉलेज ने छात्रों के टी-शर्ट और फटी जींस पहनने पर रोक लगाई थी। इस मामले में बुधवार को विधानसभा सत्र के दौरान बोलते हुए शिवसेना विधायक ने कॉलेज पर कार्रवाई करने की मांग की। शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक ने छात्रों को "जींस और टी-शर्ट" पहनने से रोकने के लिए मुंबई के एक कॉलेज के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। चेंबूर ट्रॉम्बे एजुकेशन सोसाइटी के एन. जी. आचार्य एंड डी के मराठे कॉलेज ने 27 जून को एक नोटिस जारी कर छात्रों के फटे हुई जींस, टी-शर्ट, 'गरिमाहीन' कपड़े तथा जर्सी या कोई ऐसी पोशाक पहनने पर रोक लगा दी, जो "धर्म को प्रकट करती हो या सांस्कृतिक असमानता दर्शाती हो।" इसमें कहा गया है कि छात्रों को कॉलेज परिसर में शालीन कपड़े पहनने चाहिए।



### इससे पहले हिजाब, नकाब, टोपी पर लगाया था प्रतिबंध

पिछले महीने इसी कॉलेज के छात्रों ने बंबई उच्च न्यायालय का रुख कर कॉलेज के उस निर्देश को चुनौती दी थी कि जिसमें हिजाब, नकाब, बुर्का, स्टोल, टोपी और किसी भी तरह के बैज पर प्रतिबंध लगाने वाले 'ड्रेस कोड' को लागू किया गया था। अदालत ने 26 जून को याचिका खारिज करते हुए कहा था कि 'ड्रेस कोड' का उद्देश्य अनुशासन बनाए रखना है, जो शैक्षणिक संस्थान की "स्थापना और प्रशासन" के लिए कॉलेज के मौलिक अधिकार का हिस्सा है। इसके बाद कॉलेज ने दूसरा नोटिस जारी किया, जिसमें उसने छात्रों के जींस तथा टी-शर्ट पहनने पर रोक लगा दी।

### सरनाईक बोले- ये तालिबानी फतवा

सरनाईक ने विधानसभा में कहा कि कॉलेज द्वारा जारी नोटिस एक "तालिबानी फतवा" है। उन्होंने कहा कि 70-80 फीसदी से अधिक छात्र जींस और जैकेट पहनते हैं। शिवसेना विधायक ने पूछा कि "क्या आप तैराकी प्रतिस्पर्धा के लिए 'स्विमिंग सूट' और खेल प्रतियोगिताओं के लिए टी-शर्ट, छोटे कपड़े (शॉर्ट्स) पर प्रतिबंध लगाएंगे।" सरनाईक ने कहा कि शिक्षा मंत्री को तालिबानी फतवे के लिए कॉलेज प्राधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए।

# मुंबई की सड़कों पर रेहड़ी पटरी वालों ने कर लिया कब्जा

## बॉम्बे हाई कोर्ट ने बीएमसी को लगाई फटकार

दोपहर संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने शहर के रास्ते पर अवैध अतिक्रमण को लेकर बीएमसी और मुंबई पुलिस को जमकर फटकार लगाई है। हाई कोर्ट ने कहा है कि अनधिकृत रेहड़ी पटरी वालों ने शहर की हर सड़क पर कब्जा कर लिया है और पैदल चलने वालों के लिए कोई जगह नहीं बची है। न्यायालय ने सवाल किया कि आम नागरिकों को वह सुविधा क्यों नहीं मिलनी चाहिए जो केवल 'वीवीआईपी' को मिलती है। न्यायमूर्ति एम एस सोनक और न्यायमूर्ति कमल खता की खंडपीठ ने 25 जून को एक आदेश में कहा कि यह समस्या "खतरनाक स्थिति" तक पहुंच गई है और सरकार एवं नगर निकाय के अधिकारी इससे निपटने के लिए समय नहीं निकाल पा रहे हैं। आदेश की प्रति मंगलवार को उपलब्ध कराई गई। उच्च न्यायालय ने मुंबई में अवैध एवं अनधिकृत रेहड़ी पटरी वालों और विक्रेताओं के कारण होने वाली समस्याओं पर पिछले वर्ष स्वतः संज्ञान लिया था और इस याचिका पर सुनवाई शुरू की थी।



### कोर्ट ने क्या कहा?

न्यायाधीशों ने कहा कि न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार और बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) को कई निर्देश जारी किए, लेकिन उनके कार्यान्वयन की गति धीमी बनी हुई है। अदालत ने कहा, "रेहड़ी पटरी वालों और सड़क पर सामान बेचने वालों ने सड़कों और गलियों पर वास्तव में कब्जा कर लिया है। लोगों के पास फुटपाथ पर चलने के लिए कोई जगह नहीं बची है।" उसने कहा, "जनता सहनशील हो गई है या नगर निकाय अधिकारियों से शिकायत कर-करके शायद अब तंग आ चुकी है, लेकिन इससे इस समस्या की गंभीरता या उनकी समस्या कम नहीं होती. जनता को इस असहनीय स्थिति को सहन करने और अंतहीन समय तक इंतजार करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।"

### हलफनामा दाखिल करें बीएमसी, पुलिस और राज्य सरकार

अदालत ने कहा कि जब भी नगर निगम अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाता है, तो रेहड़ी पटरी वाले और अन्य विक्रेता कुछ ही मिनट बाद लौट आते हैं। उसने कहा कि जब कोई वीवीआईपी शहर का दौरा करता है तो सभी सड़कें और फुटपाथ साफ कर दिए जाते हैं और कभी-कभी गड्ढे भी भर दिए जाते हैं। अदालत ने कहा, "क्या कानून का पालन करने वाले व नागरिक भी इसी तरह के व्यवहार के हकदार नहीं हैं जिनके पैसे से ये वीआईपी काम करते हैं?" अदालत ने बीएमसी, पुलिस और राज्य सरकार से हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा कि उन्होंने अवैध रेहड़ी पटरी वालों के खिलाफ क्या कार्रवाई की है।

# ईडी ने टीवी और रियलिटी शो एक्टर्स को किया तलब

## ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म ऑक्टा एफएक्स का किया था प्रचार

दोपहर संवाददाता | मुंबई

ऑनलाइन अवैध फॉरेक्स ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म ऑक्टा एफएक्स के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले कुछ मशहूर टीवी और रियलिटी शो के एक्टर्स को पूछताछ के लिए ईडी ने समन भेजा है। एजेंसी ने तीन एक्टर्स क्रिस्टल डिसूजा, करण वाही और निया शर्मा को प्लेटफॉर्म के प्रचार के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाया है। क्रिस्टल डिसूजा और करण वाही के बयान ईडी कार्यालय में दर्ज किए गए। हालांकि, निया शर्मा फिलहाल बिग बॉस में हैं और ऐसे में वह अपने बयान दर्ज कराने के लिए एजेंसी के सामने पेश नहीं हो पाई हैं। इस साल की शुरुआत में ईडी ने ऑक्टा एफएक्स के खिलाफ जांच शुरू की थी। एजेंसी ने पाया था कि कोई कानूनी अनुमति नहीं होने के बावजूद ट्रेडिंग साइट भारत में संचालित की जा रही थी और विदेशी मुद्रा में निवेश करने और 500 करोड़ रुपये से ज्यादा का मुनाफा कमाने की आड़ में निवेशकों को धोखा दे रही थी।







### 18 अप्रैल को ईडी ने चलाया था तलाशी अभियान

ईडी द्वारा तलब किए गए तीन एक्टर्स फॉरेक्स ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म ऑक्टा एफएक्स के प्रचार वीडियो में देखे गए थे, जो मनी लॉन्ड्रिंग जांच का सामना कर रहा है। इस साल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की मुंबई जोनल ऑफिस ने 18 अप्रैल को मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर पीएमएलए के तहत तलाशी अभियान चलाया था। यह कार्रवाई ऑक्टाफैक्स ट्रेडिंग ऐप और इसकी वेबसाइट जैसे अंतर्राष्ट्रीय ब्रोकरों के जरिए अवैध ऑनलाइन फॉरेक्स ट्रेडिंग के मामले में चल रही जांच के हिस्से के रूप में की गई थी। तलाशी अभियान के दौरान 2.17 करोड़ रुपये के बैंक फंड को फ्रीज कर दिया गया था और कई डॉक्यूमेंट्स, डिजिटल डिवाइस पाए गए थे, जिन्हें जब्त किया गया था।

### झूठा दिलासा देने और लोगों को ठगने का आरोप

ईडी ने पुणे के शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन द्वारा दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर कई लोगों के खिलाफ ऑक्टा एफएक्स ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से फॉरेक्स ट्रेडिंग की आड़ में हाई रिटर्न का झूठा दिलासा देने और लोगों को ठगने में शामिल होने के आरोप में जांच शुरू की। ईडी की जांच से पता चला कि ऑक्टा एफएक्स ऑनलाइन ट्रेडिंग ऐप और वेबसाइट भारत में भारत स्थित यूनिट मेसर्स ऑक्टा एफएक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ से काम कर रही है। OCTAFX एप और इसकी वेबसाइट को RBI द्वारा फॉरेक्स ट्रेडिंग के लिए अथॉराइज नहीं किया गया है।

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को जारी किया नोटिस


दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को महाराष्ट्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग (MSBCC) को नोटिस जारी किया, जिसमें मराठों को 10 प्रतिशत कोटा देने के राज्य सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं में उसे पक्षकार बनाया गया। यह कदम न्यायालय द्वारा MSBCC को इन कानूनी कार्यवाहियों में एक आवश्यक पक्ष के रूप में मान्यता दिए जाने के बाद उठाया गया है।

# बदलेगी मुंबई की बदनाम बस्ती 'कमाठीपुरा' की सूरते-हाल

दीपक पवार | मुंबई

मुंबई। मुंबई के कमाठीपुरा का जिक्र आते ही जेहन में जो तस्वीर उभरती है वो अच्छी नहीं कही जा सकती है, दरअसल ये मुंबई का रेड लाइट एरिया है यानी यहां पर देह व्यापार होता है, वहीं यहां रहने वालों लोगों का जीवन स्तर कैसा है ये बताने की आवश्यकता नहीं। महाराष्ट्र सरकार ने इस ओर ध्यान दिया है और इस इलाके के पुनर्विकास का काम शुरू करने जा रही है। राज्य सरकार ने मंगलवार को सरकारी निर्णय जारी कर यहां के निवासियों के पुनर्विकास के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके मुताबिक, मकान मालिकों और किरायेदारों को 500 वर्ग फीट का मकान मुफ्त उपलब्ध कराया जाएगा।



### 39 एकड़ में फैला हुआ है कमाठीपुरा

राज्य सरकार के विकास नियंत्रण-2034 के तहत समूह पुनर्विकास नीति के तहत यहां के किरायेदारों को 500 वर्गफीट का मकान मुफ्त मिलेगा। कमाठीपुरा क्षेत्र 39 एकड़ में फैला हुआ है और 50 वर्ग मीटर के प्रत्येक प्लॉट पर जमीन मालिक को मुफ्त घर दिया जाएगा। सरकार के फैसले के मुताबिक 51 से 100 वर्ग मीटर के प्लॉट पर दो मकान मुफ्त दिए जाएंगे। 101 से 150 वर्गमीटर तक के तीन मकान निःशुल्क मिलेंगे। 151 से 200 वर्ग मी. प्लॉट चार के लिए 200 वर्ग मीटर। बताया गया है कि प्लॉट के लिए एक अतिरिक्त मकान मिलेगा। पिछले कुछ वर्षों से, सरकार कमाठीपुरा पुनर्विकास समिति के माध्यम से इस पुनर्विकास को आगे बढ़ा रही है।

### कमाठीपुरा पुनर्विकास के लिए म्हाडा को नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया

इस समिति में मकान मालिकों के साथ-साथ किरायेदार भी शामिल हैं। पिछले साल जनवरी में, राज्य सरकार ने कमाठीपुरा पुनर्विकास के लिए म्हाडा को नोडल एजेंसी नियुक्त किया था। म्हाडा ने वहां एक सर्वेक्षण किया और एक परियोजना प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) नियुक्त किया। पुनर्विकास के लिए निवासियों, मकान मालिकों, किरायेदारों को कितना मुआवजा दिया जाना चाहिए, यह तय करने के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव (आवास) की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति नियुक्त की गई थी।परेशान हैं।

# मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ फिर विरोधी गुट सक्रिय, पार्टी प्रभारी से लगाई गुहार

- मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ को लेकर पार्टी दो खेमे में बटी
- एक खेमा उन्हें हटाने की मांग कर रहा, वे तर्क देते हैं कि वर्षा सांसद बनी हैं
- विरोधी गुट की मांग, वर्षा अब सांसद का काम देखें या फिर मुंबई कांग्रेस को संभाले

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई: मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड के खिलाफ विरोधी गुट फिर से सक्रिय हो गया है। विरोधियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। बुधवार को तिलक भवन में पार्टी प्रभारी एस चेन्नीथला के सामने अपनी राजनीति ताकत का प्रदर्शन किया। हालांकि, वर्षा गायकवाड के समर्थकों ने दावा किया कि वर्षा विरोधक या समर्थक जैसा वहां कुछ नहीं था। लोग आते रहे, प्रभारी से मिलते रहे और चलते रहे। रही बात वर्षा गायकवाड को हटाने की तो यह पहले ही राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आश्वासन दे चुके हैं कि वर्षा के नेतृत्व में आगामी विधानसभा और महानगरपालिका के नगरसेवकों के चुनाव लड़े जाएंगे। अब इसमें वर्षा गायकवाड को हटाने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता।



### वर्षा गायकवाड़ को लेकर पार्टी दो खेमे में बटी

मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ को लेकर पार्टी दो खेमे में बट गई है। एक खेमा उन्हें हटाने की मांग कर रहा है। इसके पीछे वे तर्क देते हैं कि वर्षा सांसद बन गई है। उनके पास मुंबई कांग्रेस के लिए वक्त नहीं है। वे मुंबई कांग्रेस के साथ न्याय नहीं कर पा रही है। वे अब सांसद का काम देखें या फिर मुंबई कांग्रेस को संभाले। महज चार महीने के बाद ही राज्य में विधानसभा चुनाव होंगे। विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद ही चंद महीने बाद ही मुंबई महानगरपालिका के नगरसेवकों के चुनाव होंगे। आने वाला दौर बेहद ही चुनौतीपूर्ण होगा इसलिए मुंबई कांग्रेस को एक ऐसा अध्यक्ष चाहिए जो मुंबई कांग्रेस को पूरा वक्त दे सके। वर्षा को मुंबई कांग्रेस की जिम्मेदारी से मुक्त करने के लिए पार्टी के 16 वरिष्ठ नेता दिल्ली भी गए। वहां पर उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलकर अपनी बात रखी। वहां पर दूसरे कई नेताओं से भी मिले। उस वक्त खरगे ने इन सभी को आश्वासन दिया था कि जल्द ही पार्टी प्रभारी चेन्नीथला मुंबई जाएंगे और सभी से बात करेंगे।

दो बजे दोपहर



संपादकीय

# सत्संग संग मौत

उत्तर प्रदेश के हाथरस में मंगलवार को एक सत्संग के समापन के बाद मची भगदड़ में सौ से अधिक लोगों के मरने की घटना ने पूरे देश को विचलित किया। सिकंदराराऊ के निकट फुलरई के एक खेत में कथित हरि बाबा का एक दिवसीय सत्संग चल रहा था। बताते हैं जब बाबा का काफिला जाने लगा तो सेवादारों ने करीब पचास हजार से अधिक श्रद्धालुओं को रोक दिया। गर्मी व उमस वाली भरी दोपहर में सत्संग सुनने के बाद श्रद्धालु घर जाने को बेताब थे। फिर भगदड़ मच गई और जो गिरा वो उठ न सका। लोगों की चीख-पुकार को सुनने के लिये वहां पुलिस-प्रशासन की कोई व्यवस्था नहीं थी। नजदीकी जनपद एटा के अस्पतालों के बाहर लगे लाशों के अंबार हृदयविदारक थे। चारों तरफ करुण क्रंदन और अपनों को तलाशने की बेबसी थी। सौ से अधिक लाशों का ढेर देखकर आहत एक पुलिस कांस्टेबल का हार्टफेल होने से निधन हो गया। मरने वालों में अधिकांश महिलाएं थीं, वहीं कुछ पुरुष व बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को हाथरस से लगते एटा अस्पताल भेजा गया है। हादसा बड़े आयोजन में सुरक्षा उपायों की अनदेखी पर सवाल उठाता है। सवाल यह भी है कि 17 साल पहले पुलिस की नौकरी छोड़कर कथावाचक बने बाबा में ऐसा क्या सम्मोहन था कि वहां मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश व हरियाणा तक से हजारों श्रद्धालु जुटे थे। अब जांच, मुआवजे तथा कार्रवाई की बात कही जा रही है। सवाल उठता है कि इतना बड़ा आयोजन बिना पुख्ता इंतजाम के किसकी अनुमति से किया जा रहा था? क्या सुरक्षा मानकों का पालन किया गया? क्या इतने बड़े आयोजन की सुरक्षा का जिम्मा पुलिस-प्रशासन का नहीं होता? जाहिर है मौतों के बढ़ते आंकड़ों के साथ ही घटना पर लीपापोती की कोशिश भी की जाती रहेगी। निस्संदेह, ऐसे बाबाओं की दुकान बिना राजनेताओं के वरदहस्त के चलनी संभव नहीं है। बहरहाल आने वाले दिनों में जांच के बाद किसी के सिर पर लापरवाही का ठीकरा फोड़ा जाएगा। मगर इन मौतों का कसूरवार कौन है? जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनकी कमी कैसे पूरी होगी? बताते हैं कि प्रवचन करने वाले बाबा नदारद हैं। कहा जा रहा है कि यह एक निजी कार्यक्रम था, कानून व्यवस्था के लिये प्रशासन की ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन आयोजन स्थल पर भीतरी व्यवस्था आयोजकों के द्वारा की जानी थी। बड़े अधिकारियों का घटना स्थल पर जाने का सिलसिला शुरू हो चुका है। लेकिन हकीकत है कि हम पिछले हादसों से कोई सबक नहीं सीखते। हाल के दिनों में भीड़भाड़ वाले धार्मिक आयोजनों में भगदड़ में लोगों के मरने के मामले लगातार बढ़े हैं। सवाल उठना स्वाभाविक है कि भीड़ के बीच होने वाले हादसों को कैसे रोका जाए। दो साल पहले माता वैष्णो देवी परिसर में भगदड़ में बारह श्रद्धालुओं की मौत हुई थी। अप्रैल 23 में बनारस की भगदड़ में 24 लोग मरे थे। इंदौर में पिछले साल रामनवमी के दिन बावड़ी की छत गिरने से पैंतीस लोग मर गये थे। इसी तरह 2016 में केरल के कोल्लम के एक मंदिर में आग लगने से 108 लोगों की मौत हुई और दो से अधिक घायल हुए थे। पंजाब के अमृतसर में दशहरे के मौके पर रावण दहन देख रहे साठ लोगों के ट्रेन से कुचलकर मरने की घटना को नहीं भूले हैं। देश में भीड़ की भगदड़ से होने वाले 70 फीसदी हादसे धार्मिक आयोजनों के दौरान ही होते हैं। इसे रोकने को नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी ने भी कुछ गाइड लाइन्स जारी की थी। जिसमें राज्य सरकार, स्थानीय अधिकारियों, प्रशासन व आयोजकों को दिशा-निर्देश दिए गए थे। जिसके लिये भीड़ प्रबंधन से जुड़े लोगों की क्षमता विकसित करने व बेहतर प्रशिक्षण का सुझाव शामिल था। प्रशासन से भीड़ के व्यवहार व मनोविज्ञान का अध्ययन कर भीड़ प्रबंधन की बेहतर तकनीक विकसित करने को कहा गया था। जिसमें तिरुपति मंदिर हेतु आईआईएम अहमदाबाद की व्यवस्था की केस स्टडी भी शामिल थी। पुलिस को भी सख्ती के बजाय अच्छे व्यवहार के लिये कहा गया था। मगर रिपोर्ट का आज भी जमीन पर असर होता नहीं दिख रहा है।

# नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की चुनौती



प्रमोद जोशी

इ औपनिवेशिक व्यवस्था को बदलने की बातें अरसे से होती रही हैं, पर जब बदलाव का मौका आता है, तो सवाल भी खड़े होते हैं। ऐसा ही तीन नए आपराधिक कानूनों के मामले में हो रहा है, जो गत 1 जुलाई से देशभर में लागू हो गए हैं। स्वतंत्रता के बाद से न्याय-व्यवस्था में परिवर्तन की यह सबसे बड़ी कवायद है। ये कानून नए मामलों में लागू होंगे। जो मामले भारतीय दंड संहिता के तहत पहले से चल रहे हैं, उन पर पुराने नियम ही लागू होंगे। इसलिए दो व्यवस्थाओं का कुछ समय तक चलना चुनौती से भरा काम होगा। इस लिहाज से नए कानूनों को लागू करने से जुड़े तमाम तकनीकी-मसलों को चुस्त-दुरुस्त करने में भी चार-पांच साल लगेंगे। इसका अर्थ यह भी है कि देश में जब 2029 में लोकसभा चुनाव होंगे, तब इन कानूनों की उपादेयता और निरर्थकता भी एक मुद्दा बनेगी। इस लिहाज से इन कानूनों का लागू होना बहुत बड़ा काम है। चूंकि कानून-व्यवस्था संविधान की समवर्ती सूची में आते हैं, इसलिए राजनीतिक और प्रशासनिक सवाल भी खड़े होंगे। कर्नाटक उन राज्यों में से एक है, जिसने तीन नए कानूनों का अध्ययन करने के लिए औपचारिक रूप से एक विशेषज्ञों की समिति का गठन किया है। संभव है कि कुछ मसले अदालतों में भी जाएं। इन कानूनों की दो बातें ध्यान खींचती हैं। दावा किया गया है कि अब मुकदमों का फैसला तीन-चार साल में ही हो जाएगा। पुराने दकियानूसी कानूनों और उनके साथ जुड़ी प्रक्रियाओं की वजह से मुकदमे दसियों साल तक घिसटते रहते थे। दूसरे कुछ नए किस्म के अपराधों को इसमें शामिल किया गया है, जो समय के साथ जीवन और समाज में उभर कर आए हैं। इनमें काफी साइबर-अपराध हैं और कुछ नए सामाजिक-सांस्कृतिक माहौल में उभरी प्रवृत्तियां हैं। जिस आईपीसी का स्थान भारतीय न्याय संहिता ने लिया है, वह अंग्रेज शासकों के हित में बनाई गई थी। उसका उद्देश्य न्याय से ज्यादा शासन करना था। सरकार का दावा है कि ये कानून औपनिवेशिक कानूनों की जगह पर राष्ट्रीय-दृष्टिकोण की स्थापना करेंगे, इसीलिए इनके नाम अंग्रेजी में नहीं, हिंदी में हैं। हालांकि स्वतंत्रता के बाद से पुराने कानूनों में कई बार संशोधन किए गए, पर जैसा कि गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि ये कानून भारतीयों द्वारा भारतीयों के लिए बनाए गए हैं। इन नए कानूनों ने तीन पुराने कानूनों का स्थान लिया है। भारतीय दंड संहिता, 1860- आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, दंड प्रक्रिया संहिता 1973 (सीआरपीसी) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 (आईई एक्ट) की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023 लागू किए गए हैं। देश में इस बात को लेकर काफी हद तक आमराय रही है कि पुराने कानूनों में 'भारी बदलाव' की जरूरत है। नए कानून इस 'भारी बदलाव' को व्यक्त करते हैं या नहीं, यह इस वक्त चर्चा का विषय है। नए कानून की धारा 69 में शादी, रोजगार, प्रमोशन, झूठी पहचान आदि के झूठे वादे के आधार पर यौन संबंध बनाना नया अपराध जोड़ा गया है। इस आरोप में 10 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। कुछ आलोचकों का कहना है कि इस प्रावधान का दुरुपयोग किया जा सकता है और सहमति से बने रिश्तों को भी अपराध साबित किया जा सकता है। इसके जवाब में कहा जाता है कि कानून के किसी भी उपबंध का दुरुपयोग भी संभव है। सवाल सही जांच और साक्ष्यों का है, जिससे जुड़े कानून भी बदले गए हैं। इसी तरह धारा 103 के अंतर्गत नस्ल, जाति या समुदाय के नाम पर हत्या को हत्या के सामान्य अपराध से अलग श्रेणी में रखा गया है। उच्चतम न्यायालय ने 2018 में केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि 'मॉब लिंचिंग' के अपराध के लिए अलग कानून बनाया जाए। अब नस्ल, जाति, समुदाय आदि के आधार पर लिंचिंग के लिए न्यूनतम सात साल की कैद या आजीवन कैद या मृत्युदंड की सजा होगी। राजद्रोह कानून अब निरस्त हो जाएगा। वस्तुतः उच्चतम न्यायालय ने मई, 2022 में कहा था कि राजद्रोह का अपराध प्रथम दृष्ट्या अवैधानिक है और इसे समाप्त किया जाना चाहिए। नए कानून के अनुसार सरकार के खिलाफ नफरत, अवमानना, असंतोष पर दंडात्मक प्रावधान नहीं होंगे, लेकिन इसमें देशद्रोह को नए अपराध के रूप में शामिल किया गया है। राष्ट्र के खिलाफ कोई भी गतिविधि दंडनीय होगी। महिलाओं और बच्चों को हिंसा से बचाने के लिए इसमें नए प्रावधान हैं। कानून में आतंकवाद को परिभाषित किया गया है। सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक गतिविधियों, अलगाववादी गतिविधियों या भारत की संप्रभुता या एकता और अखंडता को खतरा पहुंचाने वाली गतिविधि के लिए नए प्रावधान जोड़े गए हैं। गैंगरेप के लिए 20 साल की कैद या आजीवन जेल की सजा होगी। पीड़िता नाबालिग है तो आजीवन कैद/मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। स्नैचिंग के मामले में गंभीर चोट लगे या स्थायी विकलांगता हो, तब कठोर सजा की व्यवस्था इसमें है। धारा 304 (1) के तहत स्नैचिंग अब नया अपराध है, जिसे चोरी से अलग किया गया है। धारा 377 को पूर्ण रूप से हटाकर समलैंगिकता, बल्कि पुरुषों और महिलाओं के बीच सहमति या गैर-सहमति से हुए अप्राकृतिक संबंधों को वैध घोषित कर दिया जाएगा। बच्चों को अपराध में शामिल करने पर कम से कम 7-10 साल की सजा होगी। चोरी, घर में नकबजनी, सेंध लगाने जैसे कम गंभीर मामलों में संक्षिप्त सुनवाई यानी समरी ट्रायल अनिवार्य कर दिया गया है। जिन मामलों में सजा तीन साल तक है, उनमें मजिस्ट्रेट लिखित में कारण दर्ज करने के बाद संक्षिप्त सुनवाई कर सकता है। सज़ा को कम करने के नियम निर्धारित- मौत की सज़ा को उम्रकैद में, उम्रकैद को सात साल, सात साल की सज़ा को तीन साल में तब्दील करना वगैरह।

## सहज योग

# सहज योग में साधारण जीवन



**पांव उसी के छूने चाहिए जो अपने से ऊंचा हो। आखिर किस चीज़ के लिए? तुम तो सब जानते हो उसका शास्त्र, जानते हो, सब कुछ जानते हो। इतनी तेजस्विता तुममें आ गई तुमने उसके पांव कैसे छुए?**

मैंने कहा उनका हाल क्या था? कुंडलिनी का क्या हाल है? वो पार हो गए? कहने लगे वो पार तो नहीं हैं और कुंडलिनी, वो तो ओंधी बैठी है। मैंने कहा तुम्हारे उंगली के इशारे पर हजारों ऐसे उठते हैं और तुम्हें ख्याल नहीं आया कि इसके मैं क्यों पांव छुऊं? कुंडलिनी ओंधी बैठी हुई है अरे पार तो होता कम से कम उसके पांव छूने चाहिए। पांव उसी के छूने चाहिए जो अपने से ऊंचा हो। आखिर किस चीज़ के लिए? तुम तो सब जानते हो उसका शास्त्र, जानते हो, सब कुछ जानते हो। इतनी तेजस्विता तुममें आ गई तुमने उसके पांव कैसे छुए? Egolessness ये ही आता है। आप लोग इतने साधारण तरीके से रहिए कि कोई विश्वास नहीं कर सकता कि आप पार हैं। आदमी Egoless हो जाता है। एकदम Egoless। उसको लगता ही रहता है कि ये कैसे हो सकता है। कुछ भी करे उसको लगता है। ऐसे कैसे हो सकता है। लेकिन हो गया है, आपके अंदर ये बात हुई, अगर हो गई तो ये सोचना चाहिए कि गर हुई है, तो हमारे लिए क्यों हुई, इस दिल्ली में हम कितने लोग रहते हैं। आखिर हमीं क्यों विशेष रूप से पार हुए? कोई न कोई कारण होगा। पूर्व जन्म के जन्म जन्मांतर की आपकी खोज है जन्म जन्मांतर का आपका हक है। आप लोग साधु, बड़े-बड़े साधु लोग हैं, आपको क्या पता? आप गर साधु नहीं होते तो क्या आपको हम पार कराते। हम क्या करते गर पत्थर को हम पार कराते। हजारों लोग आते हैं। आपने देखा नहीं पार करा पाते। आप ही लोग कुछ लोग पार हो गए, कोई न कोई बात तो है ही। लेकिन ये आपके अन्दर आएगी नहीं बात, बैठेगी नहीं, क्योंकि आप अपने को सोचिएगा कि ऐसे कैसे हो सकते है? Egoless हैं इस वजह से ये Problem आ जाता है। ये सहजयोग की Egolessness है। बहुत ही साधारण तरीके से न तो आप कपड़ों में कोई बदल करने वाले हैं, न तो किसी चीज़ में लेकिन अन्दर से आप देखते जाइएगा कि शान्ति आ गयी, अब क्यों उलझ रहे हो? बातचीत में बोलने में हरेक चीज़ से आप Realized आदमी होंगे कि हां यह Realized है। और फिर माहिर, होशयार हो जाएंगे क्योंकि आप जानेंगे कि इनका ये ऐसे ही बोलेंगे, इनका ये घूम रहा है, उनका ये घूम रहा है। वो उधर बक बक कर रहे हैं ये इधर ऐसे-ऐसे कर रहे हैं, चलो इनको ठंठा करें। थोड़ी देर में देखा महाशय जी ठंडे हो गए हैं। कोई लोग आते हैं, हमसे झगड़ा वगड़ा करने, ये लोग पीछे से उनकी कुंडलिनी घुमा-घुमा कर उनको ठंडा करते हैं, थोड़ी देर में चुपचाप बैठे। बहुत Tricks करते हैं। एक साहब बहुत झगड़ा कर रहे थे। इतने उनका Time वो बता रहे थे, आज एक किस्सा, एक साहब झगड़ा कर रहे थे उनका Time आ गया तिल खाने का। तो अच्छा लाओ देखें तुम्हारी तिल, हाथ में रखकर उसमें Vibrations दे दिया, खाओ। खाते साथ ध्यान में खट से चले गए।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

## शख्सियत | गुलजारीलाल नंदा

# पूर्व प्रधानमंत्री और सिद्धांतवादी व्यक्ति



**गुलजारीलाल नंदा एक भारतीय राजनीतिज्ञ और अर्थशास्त्री थे जो श्रम मुद्दों में विशेषज्ञता रखते थे। वह लगातार 1964 में जवाहरलाल नेहरू और 1966 में लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु के बाद दो 13-दिवसीय कार्यकाल के लिए भारत के अंतरिम प्रधान मंत्री थे। सत्तारूढ़ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संसदीय दल द्वारा नया प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद उनके दोनों कार्यकाल समाप्त हो गए। उन्हें 1997 में भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।**

गुलजारीलाल नंदा का जन्म 4 जुलाई 1898 को पंजाब, ब्रिटिश भारत के सियालकोट में एक पंजाबी हिंदू खत्री परिवार में हुआ था। 1947 में भारत के विभाजन के बाद सियालकोट पाकिस्तान के पंजाब प्रांत का हिस्सा बन गया। नंदा ने अपनी शिक्षा लाहौर, अमृतसर, आगरा और इलाहाबाद में प्राप्त की। 1921 में उनकी मुलाकात महात्मा गांधी से हुई, जहां उनके अनुरोध पर वे गुजरात में बस गये। नंदा ने 1920 से 921 तक इलाहाबाद विश्वविद्यालय में श्रम समस्याओं पर एक शोध विद्वान के रूप में काम किया। 1921 में बॉम्बे (मुंबई) के नेशनल कॉलेज में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर बन गए। यही नहीं, वह ब्रिटिश राज के विरुद्ध आंदोलन के लिए भारतीय असहयोग में शामिल हो गए। 1922 में, वह अहमदाबाद टेक्सटाइल लेबर एसोसिएशन के सचिव बने जहां उन्होंने 1946 तक काम किया। उन्हें 1932 में और फिर 1942 से 1944 तक सत्याग्रह के लिए जेल में रखा गया। उन्हें ₹इलाहाबाद विश्वविद्यालय पूर्व छात्र संघ₹, एनसीआर, गाजियाबाद (ग्रेटर नोएडा) अध्याय 2007-2008 से सोसायटी अधिनियम 1860 के तहत पंजीकरण संख्या के साथ पंजीकृत 42 सदस्यों की सूची में प्राउड पास्ट एलुमनी से सम्मानित किया गया था। उन्होंने लक्ष्मी से शादी की, जिनसे उनके दो बेटे और एक बेटी हुई।


1957 के चुनावों में नंदा लोकसभा के लिए चुने गए और उन्हें केंद्रीय श्रम, रोजगार और योजना मंत्री नियुक्त किया गया और बाद में योजना आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्होंने 1959 में जर्मनी संघीय गणराज्य, यूगोस्लाविया और ऑस्ट्रिया का दौरा किया। नंदा 1962 के चुनाव में गुजरात के साबरकांठा निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए फिर से चुने गए। उन्होंने 1962 में सोशलिस्ट एक्शन के लिए कांग्रेस फोरम की शुरुआत की। वह 1962-1963 में केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री और 1963-1966 में गृह मामलों के मंत्री थे। नंदा 1967 और 1971 के चुनावों में हरियाणा के कैथल (लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र) से लोकसभा के लिए फिर से चुने गए। वह एक सिद्धांतवादी व्यक्ति थे। 1971 में उन्होंने यह कहते हुए कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया कि उन्हें उस दौर की राजनीति पसंद नहीं है। 15 जनवरी 1998 को 99 वर्ष की आयु में गुलजारीलाल नंदा का निधन हो गया।

## जीवन ऊर्जा

स्वामी विवेकानंद : निधन- 4 जुलाई 1902 | अवसान

**स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 कोलकाता में हुआ था। वे वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे। भारत का आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वेदान्त दर्शन अमेरिका और यूरोप के हर एक देश में स्वामी विवेकानन्द की वक्तृता के कारण ही पहुंचा। 4 जुलाई 1902 को ध्यान करते हुए स्वामी विवेकानंद का निधन हो गया।**


# खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है



उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाये। खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप हैं। तुम्हें कोई पढ़ा नहीं सकता, कोई आध्यात्मिक नहीं बना सकता। तुमको सब कुछ खुद अंदर से सीखना हैं। आत्मा से अच्छा कोई शिक्षक नही हैं। सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा। बाहरी स्वभाव केवल अंदरूनी स्वभाव का बड़ा रूप हैं।

ब्रह्माण्ड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं। वो हम ही हैं जो अपनी आंखों पर हांथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार हैं। विश्व एक विशाल व्यायामशाला है जहां हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं। दिल और दिमाग के टकराव में दिल की सुनो। शक्ति जीवन है, निर्बलता मृत्यु हैं। विस्तार जीवन है, संकुचन मृत्यु हैं। प्रेम जीवन है, द्वेष मृत्यु हैं। किसी दिन, जब आपके सामने कोई समस्या ना आये आप सुनिश्चित हो सकते हैं कि आप गलत मार्ग पर चल रहे हैं। जिंदगी का रास्ता बना बनाया नही मिलता उसे हमें स्वयं बनाना पड़ता है, जो जैसा मार्ग बनाता है उसे वैसी ही मंजिल मिलती है। तुम जैसा सोचोगे वैसे ही बन जाओगे, अगर तुम्हे लगता है की तुम कमजोर हो तो तुम कमजोर ही बनोगे। अगर तुम खुद को ताकतवर सोचोगे तो ताकतवर ही बनोगे। जिस समय जिस काम को करने की प्रतिज्ञा करो, उसे उसी समय पूरा कर लेना चाहिए, नही तो लोगों का आप पर से विश्वास उठ जाता है। कभी ये मत कहना की, मैं ये नही कर सकता ऐसा कभी नहीं हो सकता क्योंकि तुम सर्वशक्तिमान हो। वो हर चीज जो आपको शारीरिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक रूप से कमजोर बनाती है। उसे जहर समझ कर छोड़ दें। जो कुछ भी अच्छा है उसे दूसरों से सीखो। उसे अपने अंदर लाओ और अपने तरीके से आत्मसात करो लेकिन दूसरों की तरह बनो मत। आपको अपने अंदर से बाहर की तरफ बढ़ना होगा। ना आपको कोई सीखा सकता है और ना ही कोई आपको अध्यात्मिक बना सकता है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# स्कंद पुराण की ज्ञानवर्धक कथा


कृपया समय मिलने पर पूरा अवश्य पढ़े, कथा लंबी हैं किंतु ज्ञान के चक्षु खुल जाएंगे आपके। पापी मौज में, पुण्यात्मा कष्ट में। ये कैसा न्याय! ईश्वर हैं भी या नहीं! स्कन्द पुराण की एक ज्ञानवर्धक कथा। आपके मन में कभी भी ऐसे प्रश्न आते हैं क्या- मैं तो इतनी पूजा-पाठ, भक्ति भाव में लीन हूं फिर भी मेरे साथ ही ऐसा क्यों होता है? भगवान सारी परेशानियां मुझे ही क्यों देते हैं? दुष्ट लोग इतने सुखी हैं और धर्मात्मा ही सारे कष्ट भोग रहे हैं। ये क्या हो रहा है, क्यो हो रहा है?

यदि ऐसा ही ईश्वर का न्याय तो मैं क्यों मानूं उन्हें, क्यों भजूं, क्यों जपूं, क्यों करूं पूजा? ईश्वर के पास तो न्याय है ही नहीं, ईश्वर तो निष्ठुर हैं। पत्थर की मूर्तियों में बसके पत्थर हो गए हैं। आदि, आदि ऐसे प्रश्न अक्सर लोगों के मन में आते हैं खासकर तब जब वे बहुत परेशान होते हैं और दूसरों को सुखी देखते हैं। मनुष्य अपने सुख से ही संसार को सुखी मानता है, अपने दुख से ही संसार को व्यर्थ। यह सब स्वाभाविक है। तो आपके मन में जो प्रश्न आते हैं आज उनके निदान का कुछ प्रयास किया जाए। ध्यान से पढ़िएगा।




बहूदक नामक का एक तीर्थ था। यहां नन्दभद्र वैश्य रहते थे। धर्माचारी, सदाचारी पुरूष। उनकी साध्वी पत्नी का नाम कनका था। नंदभद्र चंद्रमौलि भगवान् शंकर के बड़े भक्त थे। बहुदक में कपिलेश्वर महादेव के नाम से प्रसिद्ध शिवलिंग था। नंदभद्र तीनों समय कपिलेश्वर की पूजा किया करते थे। नंदभद्र कम से कम लाभ लेकर माल बेचा करते थे और ग्राहकों के साथ बराबरी और ईमानदारी का व्यवहार रखते।

गलत माल और बुरा सामान नहीं बेचते और जो कुछ मिल जाता उसी में संतुष्ट रहते थे। नंदभद्र का जीवन संन्यासियों जैसा था, सब नंदभद्र का सदाचारी, सम्पन्न, सुखमय जीवन की प्रशंसा करते। नंदभद्र के पड़ोस में रहने वाला सत्यव्रत जो बड़ा ही नास्तिक एवं दुराचारी था, उनसे जलता था। सत्यव्रत चाहता था कि किसी प्रकार नंदभद्र का कोई दोष दिख जाए तो उसे धर्म के मार्ग से गिरा दूं। नंदभद्र पर झूठे आरोप लगाना और सदा उनके दोष ही ढूंढते रहना उसका स्वभाव बन गया था। दुर्भाग्यवश अचानक नंदभद्र का इकलौता पुत्र गम्भीर रूप से बीमार हो गया। नंदभद्र ने दुर्भाग्य मान शोक नहीं किया। पुत्र के बाद उनकी पत्नी कनका भी गंभीर रूप से बीमार हो गयी। नंदभद्र पर विपतियां आयी देखकर उनके पड़ोसी सत्यव्रत को बड़ी खुशी हुई। उसने सोचा कि शायद नंदभद्र को धर्म से भटकाने का यही अवसर है। उसने नन्दभद्र को सांत्वना देने का ढोंग करते हुए कहा- तुम्हारे जैसे धर्मात्मा को यह दुःख उठाना पड़ रहा है। लगता है कि धर्म कर्म सब ढकोसला है।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक। मो. नं. 9425980556

## प्रेरक प्रसंग

# बाज की उड़ान

एक बार की बात है कि एक बाज का अंडा मुर्गी के अण्डों के बीच आ गया। कुछ दिनों बाद उन अण्डों में से चूजे निकले, बाज का बच्चा भी उनमे से एक था।वो उन्ही के बीच बड़ा होने लगा। वो वही करता जो बाकी चूजे करते, मिट्टी में इधर-उधर खेलता, दाना चुगता और दिन भर उन्हीकी तरह चूँ-चूँ करता। बाकी चूजों की तरह वो भी बस थोडा सा ही ऊपर उड़ पाता , और पंख फड़-फडाते हुए नीचे आ जाता । फिर एक दिन उसने एक बाज को खुले आकाश में उड़ते हुए देखा, बाज बड़े शान से बेधड़क उड़ रहा था। तब उसने बाकी चूजों से पूछा, कि-" इतनी उचाई पर उड़ने वाला वो शानदार पक्षी कौन है?" तब चूजों ने कहा-" अरे वो बाज है, पक्षियों का राजा, वो बहुत ही ताकतवर और विशाल है , लेकिन तुम उसकी तरह नहीं उड़ सकते क्योंकि तुम तो एक चूजे हो!" बाज के बच्चे ने इसे सच मान लिया और कभी वैसा बनने की कोशिश नहीं की। वो ज़िन्दगी भर चूजों की तरह रहा, और एक दिन बिना अपनी असली ताकत पहचाने ही मर गया। दोस्तों , हममें से बहुत से लोग उस बाज की तरह ही अपना असली potential जाने बिना एक second-class ज़िन्दगी जीते रहते हैं, हमारे आस-पास की mediocrity हमें भी mediocre बना देती है।हम में ये भूल जाते हैं कि हम आपार संभावनाओं से पूर्ण एक प्राणी हैं। हमारे लिए इस जग में कुछ भी असंभव नहीं है,पर फिर भी बस एक औसत जीवन जी के हम इतने बड़े मौके को गँवा देते हैं। आप चूजों की तरह मत बनिए , अपने आप पर ,अपनी काबिलियत पर भरोसा कीजिए। आप चाहे जहाँ हों, जिस परिवेश में हों, अपनी क्षमताओं को पहचानिए और आकाश की ऊँचाइयों पर उड़ कर दिखाइए क्योंकि यही आपकी वास्तविकता है।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।



# आर्टिकलशिप के लिए आवेदन कैसे करें

आर्टिकलशिप के लिए आवेदन करना चार्टर्ड अकाउंटेंसी (CA) में करियर बनाने वाले छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। आर्टिकलशिप एक अनिवार्य प्रशिक्षण अवधि है जहां CA छात्र व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करते हैं। आर्टिकलशिप के लिए आवेदन करने के तरीके को समझने में आपकी मदद करने के लिए यहां एक सरल सुझाव दिया गया है:

### स्टेप 1 : CA इंटरमीडिएट पूरा करें

- आर्टिकलशिप के लिए आवेदन करने से पहले, आपको CA इंटरमीडिएट परीक्षाओं के दोनों समूहों को पास करना होगा।
- आपको इंस्टीट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया (ICAI) में पंजीकरण करना होगा और इन्फॉर्मेशन टेक्नलॉजी और सॉफ्ट स्किल्स (ICITSS) पर इंटीग्रेटेड कोर्स पूरा करना होगा।

### स्टेप 2 : अपना रिज्यूमे तैयार करें

- अपने व्यक्तिगत विवरण, शैक्षिक पृष्ठभूमि और CA परीक्षा परिणाम शामिल करें।
- किसी भी प्रासंगिक कौशल, प्रमाणपत्र या अनुभव को हाइलाइट करें।

अपना रिज्यूमे स्पष्ट, संक्षिप्त और सुव्यवस्थित रखें।

### स्टेप 3 : फ़र्म की खोज करें

- उन सीए फ़र्म की तलाश करें जहां आप अपना आर्टिकलशिप करना चाहते हैं।
- आप ICAI की आधिकारिक वेबसाइट, ऑनलाइन जॉब पोर्टल या फ़र्म की वेबसाइट पर जाकर फ़र्म ढूंढ सकते हैं।
- फ़र्म के आकार, उनके द्वारा संभाले जाने वाले क्लाइंट के प्रकार और कार्य वातावरण पर विचार करें।

### स्टेप 4 : सीए फ़र्म में आवेदन करें

- अपनी रुचि रखने वाली फ़र्म को अपना रिज्यूमे ईमेल करें।
- एक विनम्र और प्रोफेशनल कवर लेटर लिखें जिसमें यह स्पष्ट करें कि आप उनकी फ़र्म में क्यों शामिल होना चाहते हैं।
- यदि आवश्यक हो तो फ़ोन कॉल करके यह सुनिश्चित करें कि आपका आवेदन प्राप्त हो गया है।

### स्टेप 5: साक्षात्कार के लिए तैयारी करें

- अपनी शिक्षा, सीए परीक्षाओं और आप फ़र्म में क्यों शामिल होना चाहते हैं, इस बारे में सवालों के जवाब देने के लिए तैयार रहें।
- अपनी ताकत, कमज़ोरियों और करियर लक्ष्यों के बारे में बात करने का अभ्यास करें।
- अच्छा प्रभाव डालने के लिए औपचारिक पोशाक पहनें।

अपने साक्षात्कार के लिए समय पर पहुंचें।

### स्टेप 6 : साक्षात्कार में भाग लें

- आत्मविश्वास और ईमानदारी से सवालों के जवाब दें।

सीखने के लिए उत्साह और इच्छा दिखाएं।

### स्टेप 7 :प्रश्न पूछें

- फर्म, कार्य वातावरण और प्रशिक्षण अवसरों के बारे में साक्षात्कारकर्ता से पूछने के लिए कुछ प्रश्न तैयार करें।

### स्टेप 8 : ऑफ़र प्राप्त करें

- यदि आपको आर्टिकलशिप ऑफ़र मिलता है, तो नियम और शर्तों की सावधानीपूर्वक समीक्षा करें।
- वजीफ़ा, काम के घंटे और किसी भी अन्य लाभ पर विचार करें।
- यदि आप ऑफ़र से संतुष्ट हैं, तो इसे स्वीकार करें और अपनी जॉइनिंग डेट की पुष्टि करें।

### स्टेप 9 : ICAI के साथ पंजीकरण करें

- आर्टिकलशिप पंजीकरण फ़ॉर्म भरें
- ICAI वेबसाइट पर उपलब्ध आर्टिकलशिप पंजीकरण फ़ॉर्म भरें।
- आपको CA फ़र्म, अपने प्रिंसिपल (वह CA जिसके अधीन आप प्रशिक्षण लेंगे) और अपनी आर्टिकलशिप अवधि के बारे में विवरण प्रदान करना होगा।

पूरा फॉर्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करें, जैसे कि आपकी CA इंटरमीडिएट मार्कशीट, ICITSS प्रमाणपत्र और पासपोर्ट आकार की तस्वीरें।

ICAI को आवश्यक पंजीकरण शुल्क का भुगतान करें।

### स्टेप 9: अपना आर्टिकलशिप शुरू करें

- सहमत तिथि पर CA फर्म में शामिल हों।
- फर्म के नियमों और विनियमों का पालन करें।
- सीखने और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के हर अवसर का लाभ उठाएं।
- विभिन्न प्रकार के असाइनमेंट और प्रोजेक्ट पर काम करें।

# हरियाणा में ग्रुप C के 15755 पदों पर फिर से निकली भर्ती

## बिना डॉक्यूमेंट चेक किए नौकरी देगी सरकार



हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) ने ग्रुप सी के 15755 पदों पर भर्ती का दोबारा विज्ञापन निकाला है। हाईकोर्ट के आदेश के मद्देनजर सीईटी का रिवाइज्ड रिजल्ट जारी करने के बाद ये नोटिफिकेशन निकाला गया है। आवेदन के लिए 8 जुलाई अंतिम तिथि है। इन पदों में ग्रुप-सी के लगभग 2 हजार नए पद शामिल किए गए हैं। पद ग्रुप संख्या 1, 2, 56 और 57 में आते हैं। जिन पदों के लिए अब आवेदन मांगे गए हैं, उनके लिए लिखित परीक्षा जुलाई में पूरी करने की तैयारी आयोग कर रहा है। दरअसल सामाजिक और आर्थिक आधार पर 5 नंबर बोनस अंक देने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी थी जिसके बाद 25 जून को कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) के ग्रुप सी का रिवाइज्ड रिजल्ट जारी किया गया था। सीईटी रिजल्ट बिना बोनस अंकों के जारी हुआ। अब सीईटी योग्य उम्मीदवारों को अपने सीईटी पंजीकरण संख्या का उपयोग करके फिर से पंजीकरण करना होगा।

इसके साथ ही सरकार ने फैसला लिया है कि नौकरी बिना डॉक्यूमेंट वैरिफिकेशन के मिल जाएगी। सरकार ने फैसला किया है कि 30 सितंबर 2024 तक एचएसएससी और हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) द्वारा किसी भी पद पर नियुक्ति के संबंध में सभी उम्मीदवारों को उनकी नियुक्ति के लिए आवश्यक सभी दस्तावेजों के सत्यापन के बिना अंतरिम आधार पर नियुक्त किया जा सकेगा।

### रिक्त पदों का ब्योरा

क्लर्क - 5208
जेल वार्डन - 1100
ग्राम सचिव - 3107
सहकारिता सब इंस्पेक्टर - 433
नहरी पटवारी - 1440
जेई - 981
राजस्व पटवारी 1236
जेई इलेक्ट्रिकल - 517

इन पदों के लिए 2018 और 2019 में भी विज्ञापन जारी हुआ था, जब प्रक्रिया चल रही थी तब सरकार ने सीईटी के जरिए ग्रुप सी व डी पदों की भर्ती की घोषणा कर दी। लेकिन आयोग ने इन पदों को वापस लेकर 2023 में नया विज्ञापन जारी किया था। अब आयोग ने दोबारा विज्ञापन निकाल कर आवेदन मांगे हैं।

# डाक विभाग में बंपर वैकेंसी


## 30000 से ज्यादा पदों पर होगी बहाली



भारतीय डाक विभाग में ग्रामीण डाक सेवक के पदों के लिए भर्ती होने वाली है जिसका ऐलान डाक विभाग द्वारा नोटिफिकेशन जारी कर किया गया है। नोटिफिकेशन में ये साफ जाहिर है कि ऑनलाइन आवेदन 15 अगस्त से शुरू हो जाएगा। आवेदन की प्रक्रिया शुरू होते ही उम्मीदवार इंडिया पोस्ट की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर अपना फॉर्म भर सकेंगे।

### ऐसे लोग कर सकते हैं आवेदन

डाक विभाग की इस वेकैंसी में ऐसे अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं जिन्होंने किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं की परीक्षा दी हो और इसके साथ ही उन्हें कंप्यूटर की अच्छी जानकारी होनी चाहिए। बात करें अगर आवेदन करने वालों की उम्र की तो आवेदन के लिए कम से कम उम्र 18 वर्ष है और अधिकतम उम्र 40 वर्ष है, हालांकि आरक्षित वर्ग वाले लोगों को ऊपरी उम्र सीमा में विशेष रूप से कुछ छूट दी जाएगी।



### क्या है आवेदन की प्रक्रिया और शुल्क

डाक विभाग की इस बहाली के लिए आवेदन करने के लिए आपको ऑनलाइन उनके आधिकारिक वेबसाइट indiapost.gov.in पर होगा, किसी भी ऑफलाइन माध्यम से आवेदन अब स्वीकार नहीं किया जाता है। बात करें अगर आवेदन शुल्क की तो सामान्य वर्ग, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस के लोगों को फॉर्म भरने के लिए 100 रुपए का भुगतान करना होगा वहीं एससी, एसटी,पीडब्ल्यूडी, थर्ड जेंडर और महिला उम्मीदवारों के लिए आवेदन बिल्कुल निशुल्क है।

# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने निकाली 255 पदों पर भर्ती, PET स्कोर से होंगे शॉर्टलिस्ट

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ( यूपीएसएसएससी) ने बीसीजी टेक्निशियन के 255 पदों पर भर्ती निकाली है। ये भर्ती चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, उत्तर प्रदेश के लिए होंगी। इस भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया 8 जुलाई को शुरू होगी। रिक्तियों में 111 पद अनारक्षित हैं। 45 पद एससी, 4 एसटी, 70 ओबीसी, 25 ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए आरक्षित हैं। फीस भुगतान और आवेदन की अंतिम तिथि 7 अगस्त 2024 तय की गई है। इस भर्ती में वे उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं जिन्होंने यूपी पीईटी 2023 दिया था और जिनके पास




मान्य स्कोर है। यूपी पीईटी 2023 के स्कोर के आधार पर ही अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार upsssc.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

**योग्यता :** साइंस स्ट्रीम से 12वीं पास। एवं ट्यूबरोक्लोसिस प्रोग्राम मैनेजमेंट में दो साल का डिप्लोमा।

**आयु सीमा :** 21 वर्ष से 40 वर्ष। राज्य सरकार के नियमों के मुताबिक अधिकतम आयु सीमा में छूट मिलेगी।

**वेतनमान :** लेवल-4, 5200 - 20200 ग्रेड पे- 2400 ।

**आवेदन शुल्क :** 25 रुपये

**एससी, एसटी :** 25 रुपये

**दिव्यांग :** 25 रुपये

### रेजिडेंट डॉक्टरों की भर्ती होगी

लोहिया संस्थान में रेजिडेंट डॉक्टरों की कमी दूर होगी। नॉन पीजी जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों की भर्ती होगी। भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने जल्द ही रेजिडेंट डॉक्टरों की भर्ती की उम्मीद जाहिर की है।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — कष्ट, भय व चिंता का वातावरण बन सकता है। विवेक से कार्य करें। समस्या दूर होगी। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कारोबारी लाभ में वृद्धि होगी।

**वृष** — वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक शिथिलता रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। नौकरी में अपेक्षानुरूप कार्य न होने से अधिकारी की नाराजी झेलना पड़ेगी।

**मिथुन** — यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल रहेंगे। धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

**कर्क** — आराम का समय मिलेगा। आशंका-कुशंका रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं, प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह** — प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। शुभ समाचार मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी।

**कन्या** — अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा।

**तुला** — भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार प्राप्ति सहज ही होगी। व्यावसायिक यात्रा से लाभ होगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। निवेशादि शुभ रहेंगे। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। किसी बड़ी समस्या का हल प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** — शत्रु शांत रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में प्रतिष्ठित अतिथियों का आगमन हो सकता है। व्यय होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**धनु** — कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर** — व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। समय का अपव्यय होगा। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश होगा। काम में मन नहीं लगेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति विशेष से अनबन हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कुंभ** — यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा।

**मीन** — कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विवाद से दूर रहें। कुसंगति से बचें। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी।

# नवग्रह सर्व ग्रह पीड़ा निवारण उपाय

### सूर्य

1. सूर्य को बली बनाने के लिए व्यक्ति को प्रातःकाल सूर्योदय के समय उठकर लाल पुष्प वाले पौधों एवं वृक्षों को जल से सींचना चाहिए।
2. रात्रि में तांबे के पात्र में जल भरकर सिरहाने रख दें तथा दूसरे दिन प्रातःकाल उसे पीना चाहिए।
3. तांबे का कड़ा दाहिने हाथ में धारण किया जा सकता है।
4. लाल गाय को रविवार के दिन दोपहर के समय दोनों हाथों में गेहूं भरकर खिलाने चाहिए।
5. गेहूं को जमीन पर नहीं डालना चाहिए।
6. किसी भी महत्त्वपूर्ण कार्य पर जाते समय घर से मीठी वस्तु खाकर निकलना चाहिए।
7. हाथ में मोली (कलावा) छः बार लपेटकर बाधना चाहिए।
8. लाल चंदन को घिसकर स्नान के जल में डालना चाहिए।

सूर्य के दुष्प्रभाव निवारण के लिए किए जा रहे टोटकों हेतु रविवार का दिन, सूर्य के नक्षत्र (कृत्तिका, उत्तरा-फाल्गुनी तथा उत्तराषाढ़ा) तथा सूर्य की होरा में अधिक शुभ होते है।

### चन्द्रमा

1. व्यक्ति को देर रात्रि तक नहीं जागना चाहिए।
2. रात्रि के समय घूमने-फिरने तथा यात्रा से बचना चाहिए।



3. रात्रि में ऐसे स्थान पर सोना चाहिए जहाँ पर चन्द्रमा की रोशनी आती हो।
4. ऐसे व्यक्ति के घर में दूषित जल का संग्रह नहीं होना चाहिए।
5. वर्षा का पानी कांच की बोतल में भरकर घर में रखना चाहिए।
6. वर्ष में एक बार किसी पवित्र नदी या सरोवर में स्नान अवश्य करना चाहिए। सोमवार के दिन मीठा दूध नहीं खाना चाहिए।



प्रियंका जैन
9769994439

7. सफेद सुगंधित पुष्प वाले पौधे घर में लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए।
8. चन्द्रमा के दुष्प्रभाव निवारण के लिए किए जा रहे टोटकों हेतु सोमवार का दिन, चन्द्रमा के नक्षत्र (रोहिणी, हस्त तथा श्रवण) तथा चन्द्रमा की होरा में अधिक शुभ होते है।

दो बजे दोपहर



## खबर संक्षेप

### रेलवे नहीं चला रहा लंबी दूरी की ट्रेनें

जयपुर। रेलवे बोर्ड जहां राजधानी जयपुर के तीन स्टेशनों को विश्वस्तरीय बनाने में जुटा है वहीं दूसरी ओर यात्रियों को ट्रेनों के लिए कंफर्म सीट के लिए जूझना पड़ रहा है। कारण जयपुर से कई प्रमुख रूट्स पर यात्रीभार ज्यादा होने के बाद भी रेलवे नई ट्रेनें नहीं दौड़ा रहा है। इससे ज्यादातर यात्रियों को ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट ही मिल रही है। दरअसल, जयपुर जंक्शन राजस्थान का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन है। यहां रोजाना करीब एक लाख लोगों की आवाजाही होती है। इसके बावजूद अभी तक जयपुर से हरिद्वार, सियालदाह, पुरी, वाराणसी, अयोध्या, काठगोदाम जैसे प्रमुख स्थानों के लिए सीधी नई ट्रेन शुरू नहीं हुई। जो ट्रेनें संचालित हो रही हैं, उनकी संख्या काफी कम है। उनमें भी ज्यादातर नियमित की बजाय साप्ताहिक, त्रि-साप्ताहिक व द्वि-साप्ताहिक ट्रेनें हैं। ये ट्रेनें भी दूसरे शहरों से संचालित होकर जयपुर पहुंच रही हैं। इतना ही नहीं जयपुर से चेन्नई, लखनऊ, ओखा, बेंगलूरु, गुवाहाटी, चंडीगढ़, अमृतसर समेत कई अन्य शहरों के लिए भी नाममात्र की ट्रेनें ही दौड़ रही हैं। उनमें ज्यादातर सीटें पहले ही फुल हो जाती है।

### सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**गिरिडीह :** गिरिडीह के बगोदर में बड़ा हादसा हो गया है। जिसमें 2 की मौत हो गयी है। घटना मंगलवार देर रात पुरानी जीटी रोड स्थित सर्विस रोड के पास की है। दोनों की मौत अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हुई है। मृतकों की पहचान कोकिल महतो और करम महतो के रूप में हुई। वे महुरा गांव के रहने वाले थे। दुर्घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के मुताबिक वे दोनों गिरिडीह में ही मजदूरी का काम करते थे। प्रतिदिन सुबह दोनों मजदूर पास के गांव में निर्माणधीन मकान पर ढलाई का काम करने जाते थे। मंगलवार की सुबह भी वे इसी सिलसिले में घर से बाहर निकले थे। लेकिन काम खत्म होने में थोड़ी देर हो गयी। देर रात वे काम संपन्न कर स्कूटी से अपने गांव महुरा आ रहा थे। उसी वक्त सर्विस रोड के पास एक अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट ले लिया। जिससे वे दोनों गये। जबकि उनकी स्कूटी के परखच्चे उड़ गये। जब राहगीरों की नजर दोनों घायल पर पड़ी तो इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी के मिलते ही पुलिस तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हो गयी। वहां पहुंचते ही दोनों घायलों को सबसे पहले एंबुलेंस की मदद से बगोदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। । जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गयी। सड़क हादसे की सूचना मिलने के बाद पूर्व मुखिया संतोष रजक भी मौके पर अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। इधर, गांव के दो लोगों की एक साथ मौत हो जाने से ग्रामीणों में मातम पसरा हुआ है। जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# हाथरस हादसे में साजिश की आशंका

## हाईकोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में न्यायिक जांच का सीएम योगी का ऐलान

एजेंसी । हाथरस

हाथरस हादसे में 121 लोगों की मौत के पीछे केवल हादसा ही नहीं साजिश भी होने की आशंका सीएम योगी ने जताई है। बुधवार की सुबह घटनास्थल का दौरा करने के बाद सीएम योगी ने घटना की न्यायिक जांच कराने का भी ऐलान किया। कहा कि हाईकोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में इसकी जांच होगी। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम की जांच के लिए अलीगढ़ एडीजी की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की गई है। उन्होंने प्रारंभिक रिपोर्ट दी है। उन्हें इस घटना के तह में जाने के लिए कहा गया है। कई ऐसे पहलू हैं जिनकी जांच होनी आवश्यक है। योगी ने कहा कि अब तक प्रथमदृष्टया हमारी कार्रवाई राहत और बचाव के अलावा आयोजकों को पूछताछ के लिए बुलाना। हादसे के बारे में उनसे भी पूछताछ करना और जिम्मेदारों की लापरवाही तय करना है। इसके लिए एफआईआर दर्ज हो चुकी है।



### न्यायिक जांच के लिए नोटिफिकेशन जारी

उन्होंने कहा कि इस बात को नजरंदाज नहीं किया जा सकता कि इस प्रकार की घटना केवल एक हादसा नहीं हो सकती है। अगर हादसा भी है तो इसके पीछे कौन जिम्मेदार है। अगर घटना हुई है और हादसा नहीं तो साजिश है। इस साजिश के पीछे कौन है इसके लिए न्यायिक जांच कराएंगे। इसकी जांच हाईकोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में होगी। इसमें प्रशासन और पुलिस के भी रिटायर सीनियर अधिकारियों को रखकर पूरी घटना के तह में जाकर जांच करेंगे। जो भी दोषी होगा उसे इसकी सजा देना और घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसे सुनिश्चित किया जाएगा।

### दलों के जिम्मेदारों पर कार्रवाई तय

सीएम योगी ने कहा कि ऐसे आयोजनों में अंदर सेवादार और स्वयंसेवक ही पूरे व्यवस्था का संचालन करते हैं। जहां पर भीड़ अनुशासित होती है और श्रद्धा भाव के साथ लोग आते हैं तो अनुशासित ही रहते हैं। लेकिन जब यही कार्यक्रम निहित स्वार्थी तत्वों के हाथों का खिलौना बन जाता है तो अनुशासनहीनता का नजारा देखने को मिलता है। इसका शिकार निर्दोष व्यक्ति होता है जो श्रध्दा के साथ आता है। क्योंकि उसे साजिश का पता नहीं होता है। लेकिन साजिश करने वाले साजिश करके चुपचाप वहां से खिसक जाते हैं। अगर हादसा था तो सेवादारों को व्यवस्था को सुदृढ़ करना चाहिए था। अगर सुदृढ़ नहीं कर पा रहे थे तो प्रशासन की मदद से हादसे का शिकार लोगों को अस्पताल पहुंचाने की कोशिश करनी चाहिए थी। वहां लोग मरते गए और सेवादार भागते चले गए। सीएम योगी ने कहा कि घटनास्थल पर मैं स्वयं गया था। हमारे तीन मंत्रियों के अलावा मुख्य सचिव और अन्य अफसर भी यहां पर कैंप कर रहे हैं। सीनियर प्रशासनिक और पुलिस के अफसर भी जिम्मेदारों की जवाबदेही की दिशा में कार्य कर रहे हैं। कुछ विशेष दल बनाए गए हैं। इसमें अलग अलग दलों के जिम्मेदारों पर कार्रवाई तय करेंगे।

### घटनास्थल का दौरा

सीएम योगी बुधवार की सुबह घटनास्थल भी गए। इसके बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि 121 लोगों की मौत हुई है। इसमें यूपी के अलावा एमपी, राजस्थान और हरियाणा से जुड़े थे। यूपी में 16 जिलों हाथरस, बदायूं, कासगंज, अलीगढ़, एटा, ललितपुर, शाहजहां पुरु, आगरा, फिरोजाबाद, नोएडा, मथुरा, औरैया, पीलीभीत, संभल और लखीमपुर खीरी जनपदों के लोग हादसे के शिकार हुए हैं। 121 में से छह लोग अन्य राज्यों से थे। इनमें एमपी के ग्वालियर का एक, हरियाणा के चार और राजस्थान के चार लोग थे। योगी ने कहा कि हाथरस के जिला अस्पताल में 31 ऐसे घायल हैं जो हाथरस, अलीगढ़ और मथुरा के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। सभी खतरे से बाहर हैं। घायलों से मेरी बातचीत हुई है और सभी ने बताया कि कार्यक्रम के बाद हादसा हुआ। जब इस कार्यक्रम में जो सज्जन अपना उपदेश देने के लिए आए थे, उनकी कथा खत्म होने के बाद जैसे ही उनका काफिला आया था, उन्हें छूने के लिए महिलाओं का काफिला बढ़ा तो पीछे-पीछे भीड़ चली गई। सभी एक दूसरे के ऊपर चढ़ते चले गए। सेवादार भी धक्का देते रहे। इससे जीटी रोड के दोनों ओर और जीटी रोड के ऊपर भी हादसा हुआ। सबसे दुखद पहलू यह था कि इस प्रकार के आयोजन में सेवादार प्रशासन को अंदर जाने नहीं देते। प्रारंभिक रूप से घटना को दबाने का प्रयास किया। जब प्रशासन ने लोगों को अस्पताल भेजना शुरू किया तो ज्यादातर सेवादार वहां से भाग निकले।

## सत्ता पर एकाधिकार मानता है शिबू सोरेन परिवारः बाबूलाल मरांडी

एजेंसी । रांची

झारखंड में सियासी उठापक के बीच बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोरेन परिवार को ऊपर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने शिबू सोरेन परिवार पर आरोप लगया कि इनके परिवार के बाहर के आदिवासी केवल काम चलाऊ हैं। सोरेन परिवार अपने राजनीतिक फायदे के इस्तेमाल के बाद दूध से मक्खी की तरह उठा कर बाहर कर देंगे। दरअसल, राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि झारखंड की सत्ता में फिर से फेर बदल होने वाला है।



### सीएम चंपाई सोरेन को किया अपमानित : बाबूलाल मरांडी

बाबूलाल मरांडी ने सोरेन परिवार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सीएम चंपाई सोरेन को बार-बार अपमानित किया। उन्होंने विधायक दल की बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि सीएम चंपाई को विधायक दल के नेता हैं और उन्हें किनारे बिठाया गया है।

### लोकसभा चुनाव में चंपाई को किया गया किनारे

बाबूलाल मरांडी ने लोकसभा चुनाव के दौरान हुए इंडिया एलायंस की रैली पर निशाना साधते हुए कहा कि सीएम चंपाई को मंच में किनारे कर दिया गया। कल्पना सोरेन का पार्टी में कोई पद नहीं था लेकिन वह मंच में बीच में रही। यहां तक की चंपाई सोरेन के भाषण के बीच में ही झामुमो नेता मंच से उठ कर जाने लगते थे। उन्होंने झामुमो पर तंज कसते हुए बोला कि झामुमो के अन्य आदिवासी नेताओं के लिए यह सबक है। अन्य नेता केवल शिबू सोरेन परिवार की पालकी ढोने के लिए हैं। जिस नेता को परिवारवाद से ऊपर उठकर मुख्यमंत्री बनाया गया था उनसे आज फिर से इस्तिफा दिलाया जा रहा है। इससे झामुमो का असली चेहरा उजागर हो गया।

## शिक्षा विभाग के ACS ने जारी किया 8 पन्नों का फरमान

### हर हफ्ते BEO-DEO लगाएंगे दरबार

एजेंसी । पटना

शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) डॉ। एस सिद्धार्थ बिहार की शैक्षणिक व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटे हैं। आए दिन उनके नए-नए आदेश जारी हो रहे हैं। इस संबंध में बुधवार को एसीएस ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को 8 पन्नों का दिशा-निर्देश जारी किया है। जिसके अनुसार प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) सप्ताह में कम से कम एक दिन (शनिवार) विद्यालय अवधि के बाद शिक्षक-दरबार आयोजित कर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने डीईओ स्तर पर समस्या का समाधान नहीं होने पर ही शिक्षकों की समस्याओं को राज्य मुख्यालय भेजने को कहा है।



### शिक्षकों की उपस्थिति पर जीरो टॉलरेंस

एसीएस ने अपने पत्र में बताया है कि जिला और प्रखंड स्तर से शिक्षकों की समस्याओं का समाधान न होने की वजह से प्रतिदिन करीब पचास शिकायतें एसीएस कार्यालय में आ रही हैं। एसीएस ने दो टूक निर्देश दिए कि शिक्षकों की उपस्थिति पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायी जायेगी। शिक्षक डिजिटल लैब या मोबाइल से अपनी उपस्थिति बनायेंगे।

## झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए गए जस्टिस बीआर सारंगी

एजेंसी । रांची

जस्टिस बीआर सारंगी (विद्युत रंजन सारंगी) झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए गए हैं। 28 दिसंबर 2023 से झारखंड उच्च न्यायालय में चीफ जस्टिस का पद रिक्त था। 27 दिसंबर 2023 को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम द्वारा की गयी सिफारिश के बाद ओडिशा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस डॉ बीआर सारंगी को झारखंड हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। झारखंड हाईकोर्ट में 28 दिसंबर 2023 से चीफ जस्टिस का पद रिक्त था। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय मिश्रा के सेवानिवृत होने के बाद जस्टिस एस चंद्रशेखर को हाईकोर्ट का एक्टिंग चीफ जस्टिस बनाया गया था। अब ओडिशा हाईकोर्ट के जस्टिस बीआर सारंगी को मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। जस्टिस बीआर सारंगी ओडिशा हाईकोर्ट में 20 जून 2013 को स्थायी जज नियुक्त किए गए थे। 1 लाख 52 हजार मामलों का इन्होंने हाईकोर्ट में निष्पादन किया था।

# मनरेगा में बड़ा घोटाला आया सामने

## मृतकों को श्रमिकों बनाकर दिखाई हाजिरी, उठाया लाखों का भुगतान

एजेंसी । बांसवाड़ा

जिले में पंचायतीराज के अधीन मनरेगा के कार्यों पर मृतकों को श्रमिक नियोजित कर भुगतान उठाने का खुलासा हुआ है। अरथूना ब्लॉक के रैयाणा पंचायत में मेट खुद श्रमिक बन दोहरा पैसे उठा लिए। यहां फर्जीवाड़े की जांच में तत्कालीन सरपंच, तीन ग्राम विकास अधिकारियों और एक रोजगार सहायक द्वारा लाखों का गबन सामने आने पर अब रिकवरी निकाली गई है। इस संबंध में रैयाणा निवासी रमेशचंद्र पुत्र रामेंगजी पाटीदार ने 22 अक्टूबर,2019 को पंचायत क्षेत्र में 2014 से 2019 के बीच हुए विकास कार्यों में फर्जीवाड़ा कर सरकारी धन हड़पने की शिकायत की थी। मामला बरसों तक दबा रहा। इसके बाद चार सदस्यीय दल ने हाल ही जांच पूरी की। जांच में पता चला कि तत्कालीन सरपंच हेमा चरपोटा के कार्यकाल में मस्टररोल में दिवंगत लोगों के नाम दर्ज कर मेट ने खुद को भी श्रमिक दर्शाकर भुगतान उठा लिया। इसके अलावा यहां एक दर्जन सड़क निर्माण, मिक्सर मशीनों का कागजों में ज्यादा इस्तेमाल और एलईडी स्ट्रीट लाइटों की खरीद-फरोख्त में मनमाना भुगतान किया गया। इस पर जांच दल ने 5.20 लाख रुपए राशि वसूली योग्य बताते हुए कार्रवाई के लिए रिपोर्ट जिला परिषद को भेजी है। जानकारी के अनुसार पंचायत क्षेत्र में आठ हैंडपंपों ड्रील और स्थापना पर भुगतान, एलईडी स्ट्रीट लाइट के 4.94 लाख का टेंडर करने के बाद उसी काम का 2019-20 में निविदा सीमा से चार गुना 15.69 लाख रुपए भुगतान कराया गया।

# व्यापार जगत

## सेंसेक्स ने 80,074 और निफ्टी ने 24,307 का हाई बनाया

एजेंसी । मुंबई

शेयर बाजार ने 3 जुलाई को लगातार दूसरे दिन ऑल टाइम हाई बनाया है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 80,074 और निफ्टी ने 24,307 का लेवल छुआ। हालांकि इसके बाद बाजार थोड़ा नीचे आया और सेंसेक्स 545 अंक की तेजी के साथ 79,986 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 162 अंक की तेजी रही। ये 24,286 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 में तेजी और 6 में गिरावट देखने को मिली। बैंकिंग, पावर और मेटल शेयर्स में ज्यादा तेजी है। टाटा कंज्यूमर के शेयर में 3.55% की तेजी रही। NSE के सेक्टोरियल इंडेक्स में निफ्टी प्राइवेट बैंक में सबसे ज्यादा 2.02% की तेजी रही। फाइनेंशियल सर्विसेज में 1.82% और निफ्टी बैंक में 1.77% की बढ़त रही। मीडिया को छोड़कर सभी सेक्टोरियल इंडेक्स में तेजी रही।



### 7 महीने में 70 हजार से 80 हजार पर पहुंचा सेंसेक्स

सेंसेक्स को 70 हजार से 80 हजार तक पहुंचने में 7 महीने लगे हैं। 11 दिसंबर 2023 को सेंसेक्स 70 हजार पर था, जो अब, यानी 3 जुलाई को 80 हजार पर पहुंच गया है। वहीं, सेंसेक्स 60 हजार से 70 हजार पर पहुंचने में 2 साल से ज्यादा लगे थे। इस साल इस साल अब तक सेंसेक्स में 10% और बीते 1 साल में 22% की तेजी देखने को मिली है।

### व्रज आयरन एंड स्टील का शेयर 16% ऊपर लिस्ट

व्रज आयरन एंड स्टील लिमिटेड का शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर 15.94% की तेजी के साथ 240 रुपए पर लिस्ट हुआ। इस IPO का इश्यू प्राइस 207 था। यह IPO 26 जून से 28 जून तक रिटेल निवेशकों के लिए ओपन था।

### ACME सोलर होल्डिंग्स लाएगी 3 हजार करोड़ का IP0

रिन्यूएबल एनर्जी प्रोड्यूसर ACME सोलर होल्डिंग्स 3,000 करोड़ रुपए का IPO लाना चाहती है। इसके लिए कंपनी ने मार्केट रेगुलेटर सेबी को आवेदन किया है। IPO के तहत नए शेयर जारी करके 2,000 करोड़ रुपए जुटाए जाएंगे। वहीं प्रमोटर एंटिटी ACMEक्लीनटेक सॉल्यूशंस की ओर से ऑफर फॉर सेल के तहत 1,000 करोड़ रुपए के शेयर बिक्री के लिए रखे जा सकते हैं। ACME सोलर होल्डिंग्स की शुरुआत 2015 में हुई थी। इसका हेडक्वार्टर गुरुग्राम में है। कंपनी के पोर्टफोलियो में सोलर, विंड, हाइब्रिड, फर्म के साथ-साथ डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी (FDRE) प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। ACME का दावा है कि वह भारत की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर्स में से एक है, जो रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स को डेवलप, नए रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स तैयार, प्रोजेक्ट्स का संचालन और रखरखाव करती है।

## जीरो ब्रोकरेज सर्विस को बंद कर सकता है जिरोधा

एजेंसी । मुंबई

मुंबई। ब्रोकरेज फर्म जिरोधा 'जीरो ब्रोकरेज फ्रेमवर्क' खत्म कर सकता है, या फ्यूचर्स और ऑप्शंस (F&O) की ट्रेडिंग फीस बढ़ा सकता है। जिरोधा के को फाउंडर और CEO नितिन कामत ने ये संकेत दिए हैं। मार्केट रेगुलेटर SEBI के नए सर्कुलर के कारण ऐसा हो सकता है।



नितिन कामत ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म X पर लिखा- सेबी ने हाल ही में एक सर्कुलर जारी किया है। उसमें कहा गया है कि स्टाक एक्सचेंज जैसी मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशंस (MII) को 2 अक्टूबर 2024 से लगाए जाने वाले चार्ज को 'लेबल के अनुसार' लगाना होगा।

कामत ने कहा, इस सर्कुलर का असर न केवल ब्रोकर्स पर बल्कि ट्रेडर्स और इन्वेस्टर्स पर भी पड़ेगा। पूरी संभावना है कि जीरो ब्रोकरेज स्ट्रक्चर को छोड़ना होगा या फिर F&O ट्रेड के लिए ब्रोकरेज बढ़ाना होगा। पूरी इंडस्ट्री में ब्रोकर्स को भी अपनी कीमतों में बदलाव करना होगा।

## बजट से पूर्व वित्त मंत्री करेगी प्रतिनिधियों के साथ बैठक

एजेंसी । नई दिल्ली



बजट से पूर्व वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों और विशेषज्ञों के साथ बैठकें कर रही हैं। बीते दो हफ्तों से बैठकों को दौर चल रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को बजट से पूर्व अंतिम बैठक होनी है, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा और शहरी क्षेत्र से जुड़े लोग हिस्सा लेंगे। सभी अपने क्षेत्र को लेकर सुझाव देंगे कि बजट में उनके क्षेत्र को लेकर क्या प्रावधान किए जाने चाहिए। केंद्र सरकार भी चाहती है कि इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा और शहरी क्षेत्रों से जुड़े विकास को गति मिले। इसलिए इस बार इन क्षेत्रों से जुड़ी योजनाओं का बजट भी बढ़ाए जाने की उम्मीद है। बजट से पहले वित्त मंत्री के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ अंतिम बैठक होगी। उसके बाद बजट को अंतिम रूप देने का काम तेजी से शुरू होगा। संभावना जताई जा रही है कि 22 या 23 जुलाई को वित्त मंत्री वित्तीय वर्ष 2024-25 का आम बजट पेश कर सकती हैं।

## जेपी एसोसिएट्स का एकमुश्त निपटान प्रस्ताव खारिज

एजेंसी । नई दिल्ली

नई दिल्ली। आईसीआईसीआई बैंक की अगुवाई में जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के कर्जदाताओं ने संशोधित एकमुश्त निपटान प्रस्ताव को बुधवार को खारिज कर दिया। इस प्रस्ताव में कर्ज में डूबे समूह ने उच्च अग्रिम भुगतान और अपनी सीमेंट परिसंपत्तियों की बिक्री पेशकश की थी। पीठ ने अगली सुनवाई के लिए 26 जुलाई की तारीख तय की। जेएएल ने पिछली सुनवाई में कहा था कि यदि बैंक द्वारा एकमुश्त निपटान स्वीकार कर लिया जाता है तो कंपनी 18 सप्ताह के भीतर संपूर्ण भुगतान करने को तैयार है।

## बैंकों की मनमानी पर शिकायतें ज्यादा, कार्रवाई कम

एजेंसी । नई दिल्ली

बैंकों के कामकाज को लेकर देशभर में शिकायतें बढ़ी हैं। ग्राहक जिन मामलों को लेकर शिकायत कर रहे हैं, उनमें क्रेडिट कार्ड, बैंक गांरटी पत्र, गोपनीयता, मृत्यु के बाद दावों का समय पर निस्तारण न होने और बैंक कर्मियों के व्यवहार से संबंधित हैं। इन शिकायतों का समय पर निस्तारण भी नहीं किया जा रहा है। इसके चलते आरबीआई ने दिसंबर 2023 से मई 2024 तक बैंकों पर 22.83 करोड़ रुपया का जुर्माना भी लगाया है।

आंकड़ों के मुताबिक जनवरी से मार्च 2024 के बीच बैंकों के कामकाज और उनकी सेवाओं को लेकर ग्राहकों की 74,584 शिकायतें मिली हैं। जबकि इससे पिछली तिमाही में 72,847 शिकायतें आई थीं यानी करीब पौने दो हजार शिकायतें बढ़ गईं। इस साल की मार्च तिमाही में क्रेडिट कार्ड को लेकर 10,145 शिकायतें मिली जबकि उससे पिछली तिमाही में 9635 शिकायतें मिली थीं।



### ग्राहक क्रेडिट कार्ड में ब्याज दर बढ़ाकर लगाने या जुर्माने को लेकर ज्यादा परेशान

ग्राहक क्रेडिट कार्ड में ब्याज दर बढ़ाकर लगाने या जुर्माने को लेकर ज्यादा परेशान हैं। मार्च तिमाही में 24,121 शिकायतें मिली हैं, जो उससे पहले की तिमाही में 18,180 रही थीं। अन्य श्रेणी में आने वाली शिकायतों में बैंक गांरटी पत्र समय पर जारी न करने, ग्राहकों से जुड़ी गोपनीयता को भंग करने, मृत्यु के बाद नोमिनी के खाते में पैसा ट्रांसफर न करने और बैंक कर्मचारियों से जुड़ी शिकायतें शामिल हैं।

## ब्रोकर बाजार की गड़बड़ियां रोकें: सेबी

एजेंसी । नई दिल्ली



बाजार नियामक सेबी ने शेयर ब्रोकरों के लिए संस्थागत व्यवस्था को अधिसूचित किया है। इसमें शेयर ब्रोकर को बाजार में हुई गड़बड़ियों का पता लगाने और रोकथाम के लिए कदम उठाने की जरूरत है। सेबी ने धोखाधड़ी या बाजार दुरुपयोग के संभावित उदाहरणों को भी सूचीबद्ध किया है, जिनकी निगरानी के लिए ब्रोकर प्रणाली को उपाए करने की जरूरत है। संभावित मामलों में सौदे की भ्रामक छवि बनाना, भाव में हेराफेरी, फ्रंट रनिंग, भेदिया कारोबार, गलत बिक्री और अनधिकृत सौदे शामिल हो सकते हैं। शेयर ब्रोकर को किसी भी संदिग्ध गतिविधि का पता लगने के 48 घंटे के भीतर शेयर बाजारों को जानकारी देने को कहा गया है। अधिसूचना के मुताबिक, शेयर ब्रोकिंग कंपनी को कर्मचारियों के लिए संदिग्ध एक गोपनीय तरीका देने वाली 'व्हिसलब्लोअर' नीति स्थापित और लागू करनी होगी।

### आठ साल बाद भारतीय टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ उसके घर में टी-20 सीरीज खेलेगी

# हरारे का किला भेदने को तैयार युवा ब्रिगेड

**एजेंसी । हरारे**

कप्तान शुभमान गिल की अगुआई वाली भारतीय युवा टीम आठ साल में हरारे में अपनी पहली चुनौती के लिए तैयार है। अभी तक यहां कोई सीरीज नहीं गंवाने वाली भारतीय टीम एक बार फिर हरारे का किला भेदने को बेताब होगी। सभी खिलाड़ी पहली बार फटाफट क्रिकेट में हरारे स्पोर्ट्स क्लब पर पहली बार खेलेंगे। दिग्गज खिलाड़ियों की मौजूदगी में इन सभी के पास अपनी छाप छोड़ने का यह अच्छा मौका है। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद सभी खिलाड़ियों का यह पहली सीरीज है। लीग के प्रदर्शन को कायम रखते हुए ये युवा जीत के साथ आगाज करना चाहेंगे।

धौनी की कप्तानी में दर्ज की थी भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ पिछली सीरीज 2016 में धौनी की कप्तानी में खेली थी। इसमें टीम ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीती थी।

**नंबर गेम**

- 3 रन से हराया था भारत ने जिम्बाब्वे को जून 2016 में यहां खेले गए आखिरी मुकाबले में
- 7 मैचों दोनों ने इस स्टेडियम में खेले हैं जिसमें से भारत ने पांच और जिम्बाब्वे ने दो जीते हैं
- 100 सर्वाधिक रन भारत की ओर से रैना ने दो मैचों में एक अर्धशतक से यहां बनाए हैं
- 38 मैच जिम्बाब्वे ने यहां खेले हैं जिसमें से सिर्फ नौ जीते हैं। पिछली जीत उसे 2023 में आयरलैंड के खिलाफ मिली थी।



## मिले मौके को भुनाने को बेताब युवा खिलाड़ी

### ..तो रैना और धौनी के क्लब में शामिल होंगे गिल

गिल की युवा टीम अगर सीरीज जीतने में सफल रहती है तो वह जिम्बाब्वे के खिलाफ हरारे में सीरीज जीतने वाले तीसरे कप्तान बन जाएंगे। वह रैना (2–0, 2010) और एमएस धौनी (2–1, 2016) के क्लब में शामिल हो जाएंगे। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में 2015 में खेली गई दो मैचों की सीरीज एक–एक से बराबर रही थी।

### गिल की टीम पहुंची

भारत हरारे क्रिकेट ग्राउंड पर सिकंदर रजा की कप्तानी वाले जिम्बाब्वे के खिलाफ पहला मैच छह जुलाई को खेलेगा। बाकी चार मैच भी इसी मैदान पर खेले जाएंगे। सीरीज का समापन 14 जुलाई को होगा। गिल और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के मार्गदर्शन में टीम मंगलवार देर रात को हरारे पहुंच गई। जिम्बाब्वे क्रिकेट की ओर से 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में लिखा, हम टी–20 विश्व कप चैंपियन भारत का स्वागत करते हैं।

### सिर्फ दो बार 200 प्लस

हरारे स्पोर्ट्स क्लब में 2010 से दिंसबर 2023 तक कुल 41 मैच खेले गए हैं। इसमें सिर्फ दो 200 प्लस का स्कोर बना है। ऑस्ट्रेलिया ने जुलाई 2018 में दो विकेट पर 229 रन तो जिम्बाब्वे ने 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ तीन विकेट पर 205 रन बनाए थे।

### बचपन का सपना सच होगा : पराग



सीरीज के दौरान भारत के लिए पदार्पण करने वाले शीर्ष क्रम के युवा बल्लेबाज रियान पराग ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि उनका बचपन से ही इस तरह (राष्ट्रीय टीम के साथ) यात्रा करने का सपना था जो सच हो गया। उन्होंने कहा, भारत की जर्सी पहनने और टीम के साथ यात्रा करने का अनुभव अलग होता है।

'राष्ट्रीय टीम का हिस्सा होना सपने के सच होने जैसा है और देश के लिए खेलना बहुत खास बात है। टीम के साथ यात्रा करना सबसे महत्वपूर्ण है और उन्हें जानना, टीम के माहौल को जानना और मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण यात्रा के दौरान होने वाली मौज–मस्ती है।'

–तुषार देशपांडे

'मुझे पता था कि अगर मैं कड़ी मेहनत करता रहा तो मुझे मौका मिलेगा लेकिन मुझे नहीं पता था कि मुझे भारत के बाहर जिम्बाब्वे में मौका मिलेगा। टीम में मेरा नाम घोषित होने के बाद मुझे (कप्तान) गिल का फोन आया। सभी ने मुझे बहुत प्यार दिया। मेरे लिए यह बहुत बड़ी बात थी। जब मेरा नाम घोषित होने के बाद मैं घर पहुंचा तो मैंने अपने परिवार के सदस्यों को साक्षात्कार देते देखा। इसलिए मुझे लगता है वह एक ऐसा पल था जिसे मैं हमेशा याद रखूंगा।'

–अभिषेक शर्मा

# हार्दिक टी-20 में दुनिया के नंबर एक ऑलराउंडर बनने वाले पहले भारतीय

### 11 विकेट 7 .64 की इकोनॉमी से चटकाए थे हार्दिक ने 25 ओवर में



**नंबर गेम**

- 7वें नंबर पर पहुंच गए अक्षर गेंदबाजों में एक स्थान के फायदे से
- 9वें नंबर पर आ गए कुलदीप तीन स्थान की छलांग लगाकर
- 13वें नंबर पर पहुंच गए हैं अर्शदीप जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है

222 अंक लेकर हसरंगा के साथ संयुक्त रूप से आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे पांड्या

144 रन बनाए थे हार्दिक ने विश्व कप में 48 की औसत और 151 .57 की स्ट्राइक रेट से

**एजेंसी । दुबई**

हार्दिक पांड्या टी-20 में दुनिया के नंबर एक ऑलराउंडर बनने वाले पहले भारतीय बन गए। वह बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टी-20 रैंकिंग में श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। टी-20 विश्व कप के फाइनल में तीन विकेट लेकर टीम को विश्व चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले हार्दिक दो स्थान के फायदे से पहले नंबर पर पहुंचे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए अर्धशतक जड़ने वाले क्लासेन, मिलर और रबादा को पवेलियन भेजा था। भारतीय टीम ने सात रन से जीत दर्ज कर 11 साल बाद आईसीसी की ट्रॉफी जीती थी। ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष दस में मार्कस स्टोइनिस तीसरे, सिकंदर रजा चौथे और शाकिब अल हसन पांचवें स्थान को भी एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। लियाम लिविंगस्टोन एक ऊपर आठवें नंबर पर पहुंच गए। मोहम्मद नबी चार स्थान के नुकसान से शीर्ष पांच से बाहर हो गए हैं। वह छठे नंबर पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नोर्जे सात स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

### सूर्य नंबर दो और यशस्वी सात पर कायम



बल्लेबाजों की रैंकिंग में सूर्यकुमार (838) दूसरे नंबर पर कायम हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड (844) शीर्ष पर हैं। सूर्य और हेड के बीच छह अंकों का फासला है। विश्व कप की टीम का हिस्सा रहे यशस्वी जायसवाल को एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला पर बावजूद इसके वह सातवें नंबर पर बरकरार है।

### बुमराह को 12 स्थान का फायदा

विश्व कप में 15 विकेट चटकाकर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी रैंकिंग में 12 स्थान के फायदे से 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह 2020 के बाद उनकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।

### चैम्पियंस ट्राफी मसौदा

# एक मार्च को भारत-पाक मैच

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने चैम्पियंस ट्राफी के अस्थायी कार्यक्रम में अपनी टीम का चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ मैच अगले साल एक मार्च को रखा है, हालांकि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने अभी तक इस पर सहमति नहीं दी है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बोर्ड के एक सीनियर सदस्य ने बुधवार को पीटीआई को यह जानकारी दी। टूर्नामेंट अगले साल 19 फरवरी से नौ मार्च तक खेला जायेगा जिसमें 10 मार्च 'रिजर्व डे' होगा। 15 मैच का कार्यक्रम सौंपा गया पता चला है कि पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने 15 मैच का कार्यक्रम सौंप दिया है जिसमें भारत के मैच सुरक्षा और 'लाजिस्टिकल' कारणों से लाहौर में ही रखे गये हैं।

## प्रज्ञानानंदा ने बोगडान डेनियल से ड्रा खेला

### अलीरेजा सुपरबेट क्लासिक टूर्नामेंट शतरंज में चमके

**एजेंसी । बुकारेस्ट**

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को यहां सुपरबेट क्लासिक टूर्नामेंट के छठे दौर में रोमानिया के कम रैंकिंग वाले डीएक बोगडान डेनियल से ड्रा खेलकर अंक बांटने पड़े। ईरानी-फ्रांसिसी ग्रैंडमास्टर अलीरेजा फिरोजा ने अमेरिका के वेस्लो सो को पराजित किया। भारत के डी गुकेश ने फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लाग्रेव से बाजी ड्रा करायी। प्रज्ञानानंदा ने जीतने की कोशिश करते हुए कई चाल चली लेकिन रोमानियाई खिलाड़ी डटकर सामना करता रहा और 38 चाल के बाद ड्रा खेलने में कामयाब रहा।

## विंबलडन मिश्रित युगल में राडुकानु के साथ जोड़ी बनाएंगे मरे


**लंदन।** एंडी मरे और ऐमा राडुकानु विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल में जोड़ी बनाकर खेलेंगे। हाल में हुई सर्जरी के कारण मरे ने विंबलडन में अंतिम बार खेलते हुए पुरुष एकल में शिरकत नहीं करने का फैसला किया। मरे पुरुष युगल अपने बड़े भाई जेमी के साथ जोड़ी बनाकर खेलेंगे।

## बोर्नियो और मलेशिया के सबसे ऊंचे पर्वत को फतह करने उतरेंगी लक्ष्मी झा



**नई दिल्ली।** अफ्रीका के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट किलिमंजारो को फतह करने के बाद पर्वतारोही लक्ष्मी झा ने बोर्नियो और मलेशिया के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट किनाबालु को फतह करने का लक्ष्य बनाया है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार पिछले साल 41 घंटे के सबसे कम समय के साथ माउंट किलिमंजारो पर चढ़ने का महिला विश्व रिकॉर्ड बनाने वाली बिहार की लक्ष्मी माउंट किनाबालु को फतह करने के लिए चार जुलाई को मलेशिया रवाना होंगी। माउंट किनाबालु की समुद्र तल से ऊंचाई 4095 मीटर (13,435 फीट) है और यह दक्षिण पूर्व एशिया की 28वीं सबसे ऊंची चोटी है।

## 'सालार 2' की तैयारी में जुटे प्रभास



प्रशांत नील के निर्देशन में बनी फिल्म 'सालार : सीजफायर पार्ट–1' साल 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। यह फिल्म बीते साल 22 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों का खूब प्यार मिला। 270 करोड़ रुपये की लागात में बनी इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 715 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था।

अब प्रभास ने फिल्म 'सालार 2' की तैयारी शुरू कर दी है। प्रभास इन दिनों 'कल्कि 2898 AD' की सफलता का आनंद उठा रहे हैं। यह फिल्म 2024 की सुपरहिट फिल्मों की सूची में शामिल हो गई है। अब प्रभास 'सालार 2' की तैयारी में जुट गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'सालार 2' की शूटिंग 10 अगस्त, 2024 से शुरू होने वाली है।

## बॉलीवुड में वापसी करेंगे पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान



### वाणी कपूर के साथ बनी जोड़ी

पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान करीब 8 साल बाद बॉलीवुड में वापसी करने जा रहे हैं। वह अभिनेत्री वाणी कपूर के साथ एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म में नजर आएंगे। यह एक हिंदी फिल्म होगी, जिसका निर्देशन आरती बागड़ी करने वाली हैं। इस फिल्म की शूटिंग यूनाइटेड किंगडम में होगी। अभी इसकी घोषणा होनी बाकी है। यह ईस्टवुड स्टूडियोज का पहला अंतरराष्ट्रीय सहयोग होने वाला है। इस फिल्म की इसी साल शूटिंग सितंबर से नवंबर के बीच होगी।

### जल्द होगी फिल्म की घोषणा

फवाद काफी लोकप्रिय हैं। वह मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स का भी हिस्सा रहे हैं। निर्माता शूटिंग शुरू होने से ठीक पहले इस फिल्म की घोषणा करेंगे। फिल्म की कहानी मोहब्बत में धोखा खाए दो लोगों पर आधारित है, जो किस्मत से एक-दूसरे से मिलते हैं। बुरे वक्त में एक-दूसरे की मदद करते हैं और इसी दौरान एक-दूजे के प्यार में पड़ जाते हैं।





## आरती सिंह ने अपनी शादी की अटकलों को किया खारिज



टीवी अभिनेत्री आरती सिंह पिछले कुछ दिनों से अपनी निजी जिंदगी को लेकर इन दिनों चर्चा में हैं। इस साल 25 अप्रैल को उन्होंने मुंबई में बिजनेसमैन दीपक चौहान के साथ सात फेरे लिए थे। हाल ही में एक मीडिया प्लेटफॉर्म ने अटकलें लगाई थीं कि आरती की शादी परेशानी में है। अब इस दावे को उन्होंने पूरी तरह खारिज कर दिया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक नोट साझा करते हुए मीडिया प्लेटफॉर्म से जिम्मेदारीपूर्वक काम करने की अपील की है।

### अपने तथ्य सही रखें– आरती

आरती ने लिखा, 'क्या मैं सब्र के बारे में कुछ नहीं लिख सकती और सामान्य जिंदगी में धैर्य के बारे में बात भी नहीं कर सकती क्योंकि आपके अनुसार मेरी शादी परेशानी में है। मैं अपने गुरुजी का अनुसरण करती हूं और उनकी बातें पोस्ट करती रहती हूं। मेरे इस पोस्ट को इतने सारे लोग फॉलो कर रहे हैं कि पता नहीं किसे इसे सुनने की जरूरत हो।' आरती ने आगे कहा, 'अपने तथ्य सही रखें।'


### बिजनेसमैन हैं दीपक

आरती छोटे पर्दे की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 2007 में आया टीवी शो 'मायका' के जरिए की थी। वह अब तक 'थोड़ा है बस थोड़े की जरुरत है', 'उतरन' और 'देवों के देव... महादेव' जैसे धारावाहिकों में काम किया है। आरती 'बिग बॉस 13' में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करवा चुकी हैं। दीपक एक बिजनेसमैन हैं। वह एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के निदेशक और संस्थापक हैं। वे रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के ब्रांड एंबेसडर भी हैं।

## 'बेबी जॉन' में मेहमान की भूमिका निभाएंगे सलमान खान

पिछले कुछ दिनों से वरुण धवन अपनी आगामी फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान एटली ने संभाली है, जिन्होंने बीते साल शाहरुख खान के साथ फिल्म 'जवान' जैसी सुपरहिट फिल्म दी थी। ताजा खबर यह है कि 'बेबी जॉन' में दिग्गज अभिनेता सलमान खान मेहमान भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। फिल्म में उनका किरदार बेहद महत्वपूर्ण होने वाला है।

### निर्माताओं ने किया संपर्क



एक रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान को 'बेबी जॉन' में मेहमान भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया है और भाईजान ने इसके लिए हामी भर दी है। सलमान जल्द फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। 'बेबी जॉन' में वरुण की जोड़ी अभिनेत्री वामिका गब्बी के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। अभिनेत्री कीर्ति सुरेश भी इस फिल्म में अहम भूमिका में नजर आएंगी।

### 25 दिसबंर को रिलीज होगी फिल्म

'बेबी जॉन' इस साल क्रिसमस के खास मौके पर यानी 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह एटली और वरुण के बीच पहला सहयोग है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'बेबी जॉन' के बाद वरुण फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनकी जोड़ी जाह्नवी कपूर के साथ बनी है। 'बवाल' के बीच यह दोनों के बीच दूसरा सहयोगा है।

न्यूज़ ब्रीफ

### खालिस्तान समर्थक अमृतपाल को पैरोल मिली

**नई दिल्ली।** पंजाब सरकार ने खडूर साहिब से चुने गए सांसद अमृतपाल सिंह को शपथ दिलाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को आवेदन भेजा था। उसके आधार पर खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह को परसों यानी शुक्रवार (5 जुलाई) से 4 दिन की पैरोल दी है। इसी दौरान अमृतपाल सांसद की शपथ लेगा। फिलहाल वह असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद है।

### सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने पूंछ का दौरा किया

**पूंछ।** सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर के पूंछ का दौरा किया। वे पूंछ ब्रिगेड हेडक्वारटर्स में सेना, सिविल पदाधिकारियों और एक्स-सर्विसमैन से मिले। यह सेना प्रमुख बनने के बाद पूंछ का उनका पहला दौरा है।

### दिल्ली शराब नीति मामले में सिसोदिया और के कविता की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शराब नीति मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में AAP नेता मनीष सिसोदिया और BRS नेता के कविता की न्यायिक हिरासत 25 जुलाई तक बढ़ा दी। दोनों की न्यायिक हिरासत बुधवार (3 जुलाई) को खत्म हो रही थी। सिसोदिया और कविता वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आज अदालत में पेश हुए, जिसके बाद स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने उनकी कस्टडी बढ़ा दी। CBI ने सिसोदिया को 26 फरवरी, 2023 को गिरफ्तार किया था। ED ने न्यायिक हिरासत के दौरान उन्हें 9 मार्च, 2023 को गिरफ्तार किया था। सिसोदिया तब से तिहाड़ जेल में हैं। उन्होंने ED मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी, जिसे 28 अप्रैल, 2023 को खारिज कर दिया गया था।

### पूर्वोत्तर में भारी बारिश से हालात और बिगड़े

**गुवाहाटी/ईटानगर।** पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश के कारण हालात और ज्यादा बिगड़ गए हैं। असम, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर की प्रमुख नदियां उफान पर हैं। इससे तीनों राज्य बाढ़ की चपेट में हैं और 12 लाख से अधिक लोग इससे प्रभावित हुए हैं। राज्यों में बारिश संबंधी घटनाओं में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 50 से ज्यादा हो गया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया, मणिपुर के इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व जिलों में लगातार बारिश के कारण दो प्रमुख नदियों के तटबंध टूट गए, जिससे कई स्थानों पर बाढ़ आ गई है। राज्य सरकार ने बाढ़ की स्थिति को देखते हुए बुधवार को सभी सरकारी कार्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया, जबकि स्कूल गुरुवार तक बंद रहेंगे। अधिकारियों ने कहा, भारी मात्रा में नदी का पानी आवासीय इलाकों में घुस गया है।

### PM मोदी को चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार (3 जुलाई) को PM नरेंद्र मोदी को चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता कुछ मानसिक समस्याओं से पीड़ित लगता है। कोर्ट ने अधिकारियों को उस पर नजर रखने का आदेश दिया है। दरअसल, याचिकाकर्ता कैप्टन दीपक कुमार ने आरोप लगाया था कि मोदी और उनके सहयोगियों ने 2018 में एयर इंडिया की एक उड़ान को क्रैश करवाने की साजिश रची थी।

# पेपर लीक के दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिलेगी : मोदी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राज्यसभा में देश के युवाओं को आश्वासन दिया कि पेपर लीक जैसे मामलों में दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। युवाओं को आश्वासन दिया कि उन्हें धोखा देने वालों को सरकार नहीं छोड़ेगी। उन्होंने विपक्ष पर कोई सकारात्मक सुझाव देने की बजाय सिर्फ राजनीति करने का आरोप भी लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने उच्च सदन में राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा, उनकी अपेक्षा थी कि चर्चा के दौरान विपक्षी दलों के सदस्य दलीय अपेक्षाओं से ऊपर उठकर पेपर लीक के विषय पर अपनी राय रखते। लेकिन दुर्भाग्य से इतना संवेदनशील मुद्दा, मेरे देश के नौजवानों के भाग्य से जुड़ा मुद्दा भी, इन्होंने (विपक्षी सदस्यों ने) राजनीति की भेंट चढ़ा दिया। मोदी ने कहा, मेरे देश के नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को सख्त से सख्त सजा मिले, इसके लिए एक के बाद एक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन गड़बड़ियों के खिलाफ संसद में एक कानून भी सरकार ने बनाया है। हम पूरी प्रणाली को मजबूती दे रहे हैं ताकि नौजवानों को आशंका भरी स्थिति में भी न रहना पड़े। पूरे विश्वास के साथ वे अपने सामर्थ्य को प्रदर्शित करें और अपने हक को प्राप्त करें, इस बात को लेकर हम काम कर रहे हैं।

**पीएम मोदी की दो मुख्य बयान**

- विपक्ष ने सकारात्मक सुझाव देने की बजाय राजनीति की
- युवाओं को आश्वस्त किया, धोखा देने वालों को छोड़ेंगे नहीं



### विपक्ष ने पीएम पर लगाया संसद में गलतबयानी करने का आरोप

इंडिया गठबंधन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर संसद में गलतबयानी करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस सहित दूसरे घटकदलों ने कहा कि संसद में गलतबयानी करना और लोगों को भर्मित करना प्रधानमंत्री की आदत बन गई है। राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री की गलतबयानी के विरोध में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में गठबंधन के घटकदलों ने वॉकआउट किया।

## इमरान खान समेत पीटीआई के कई नेता बरी



**एजेंसी । इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की एक अदालत ने बुधवार को पाकिस्तान-तहरीक-ए इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख इमरान खान समेत कई नेताओं को प्रदर्शन से जुड़े मामले में बरी कर दिया। तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अयोग्य घोषित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले के खिलाफ प्रदर्शन से संबंधित मामले अदालत ने उन्हें दोषी नहीं माना। साथ ही पार्टी के अन्य नेता शाह महमूद कुरैशी, शेख रशीद, असद कैसर, शहरयार आफरीदी, फैसल जावेद, राजा खुर्रम और अली नवाज अवान को भी बरी कर दिया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट यासिर महमूद ने यह फैसला सुनाया। अदालत ने मामले में बरी किए जाने के अनुरोध से संबंधित याचिकाओं पर पिछले हफ्ते सुनवाई की थी और फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### अयोग्य ठहराने जाने के खिलाफ प्रदर्शन हुए थे

निर्वाचन आयोग ने 2022 में तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में खान को पद के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था। इसके खिलाफ प्रदर्शन के लिए आबपारा थाने में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक खान (71) और अन्य नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

एससीओ शिखर सम्मेलन

## जयशंकर ने उठाया भारतीयों की सुरक्षा का मुद्दा

### रूसी विदेश मंत्री से युद्ध क्षेत्र में फंसे लोगों की सुरक्षित वापसी का किया अनुरोध

**एजेंसी । अस्ताना**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के समक्ष युद्ध क्षेत्र में फंसे भारतीय नागरिकों का मुद्दा उठाया। साथ ही उनकी सुरक्षित वापसी का अनुरोध किया। जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने अस्ताना पहुंचे हैं। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट में बताया कि रूस के विदेश मंत्री से द्विपक्षीय साझेदारी व समकालीन मुद्दों पर बातचीत हुई। कहा कि दिसंबर 2023 में हमारी आखिरी मुलाकात के बाद से कई क्षेत्रों में हुई प्रगति पर चर्चा हुई। उन्होंने अपने समकक्ष से भारतीय नागरिकों को लेकर गंभीर चिंता जताई है जो अभी यूक्रेन व रूस के जंग प्रभावित क्षेत्र में हैं। उन्होंने लावरोव के साथ वैश्विक सामरिक परिदृश्य पर भी चर्चा की। दोनों विदेश मंत्रियों के बीच यह मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मॉस्को के प्रस्तावित यात्रा से पहले हुई है। इससे पहले जयशंकर ने कजाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री मूरत नूरतलेउ से मुलाकात की और रणनीतिक साझेदारी के विस्तार व विभिन्न प्रारूपों में मध्य एशिया के साथ भारत की बढ़ती भागीदारी पर चर्चा की।

### पुतिन भी कजाकिस्तान पहुंचे



एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने और कई द्विपक्षीय बैठक करने के लिए बुधवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी अस्ताना पहुंच गए। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने बताया कि पुतिन ने चीनी और तुर्की के नेताओं सहित कई द्विपक्षीय बैठकों में हिस्सा लिया। सम्मेलन में बुधवार के अलावा गुरुवार को भी कई बैठकें होंगी। पुतिन व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग गुरुवार को मिलेंगे। दोनों पश्चिमी गठबंधनों का मुकाबला करने के लिए स्थापित एक अंतरराष्ट्रीय समूह के सत्र भाग लेंगे। रूसी एजेंसियों ने बताया है कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के भी गुरुवार को सम्मेलन में शामिल हो सकते हैं।

### एससीओ एक नजर में


एससीओ की स्थापना 2001 में चीन और रूस द्वारा मध्य एशिया और व्यापक क्षेत्र में सुरक्षा चिंताओं पर चर्चा करने के लिए की गई थी। इस संगठन में रूस व चीन के वर्चस्व है। अन्य सदस्य देशों में भारत, ईरान, पाकिस्तान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। पर्यवेक्षक राज्य और संवाद साझेदारों में तुर्की, सऊदी अरब व मिस्र शामिल हैं।

## मेघसूचक देगा मौसम का सटीक पूर्वानुमान

**डीआरडीओ ने विकसित की लिडार तकनीक**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

मौसम विभाग को जल्द ही लिडार तकनीक मिलने वाली है, जिसके जरिये वह अपने पूर्वानुमानों को सटीक बना पाएगा। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने इसे विकसित किया है, जिसे मेघसूचक नाम दिया गया है। मौसम के पूर्वानुमान के लिए अभी तक राडार और उपग्रह के आंकड़ों पर ही निर्भरता बनी हुई है। अब लिडार तकनीक के इस्तेमाल से मौसम का सही-सही पूर्वानुमान करना आसान हो जाएगा। डीआरडीओ ने मौसम विभाग और नौसेना मुख्यालय के समक्ष मेघसूचक का प्रदर्शन किया है। डीआरडीओ का दावा है कि यह तकनीक सभी पैरामीटर पर खरी उतरी है। डीआरडीओ की देहरादून स्थित प्रयोगशाला इंस्ट्रूमेंट रिसर्च एंड डवलपमेंट इस्टेबलिसमेंट (आईआरडीई) ने इसे विकसित किया है। डीआरडीओ के सूत्रों के अनुसार इस तकनीक को जल्द ही मौसम विभाग को सौंपा जा सकता है।



### इस तरह करेगी काम

लिडार तकनीक में लेजर के जरिये बादलों एवं धूलकणों का आंकलन किया जाता है। इसमें एक लेजर बीम के जरिये किरणें बादलों एवं धूलकणों तक जाती हैं तथा उनसे टकराकर वापस लौटती हैं। यह प्रक्रिया एक सेकेंड के भीतर लाखों बार दोहराई जाती है। इसके बाद एक थ्री डीप मैप तैयार किया जाता है, जिसके जरिये बादलों एवं धूलकणों का सटीक आकलन किया जाता है जो मौसम के पूर्वानुमान में निर्णायक साबित होता है। इस तकनीक का इस्तेमाल उपग्रह, विमान या ड्रोन के जरिये किया जा सकेगा।

### 100 फीसदी सटीक होगा आकलन

लिडार तकनीक के जरिये किसी मौसम संबंधी घटना के समय का सौ फीसदी तक निर्धारण संभव हो सकेगा। मसलन, बारिश कितने बजे होगी, यह आकलन सौ फीसदी संभव होगा। विश्व की चुनिंदा मौसम एजेंसियां इस तकनीक का इस्तेमाल कर रही हैं।

## महिला अपराध में बीएनएस के तहत बंगाल में पहली गिरफ्तारी

**एजेंसी । कोलकाता**

दक्षिण 24 परगना जिले के नरेंद्रपुर में एक व्यक्ति को नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 के तहत यह पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ अपराध में पहली गिरफ्तारी है। जिले के एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को बताया कि आरोपी बंगाली टेलीविजन इंडस्ट्री में कास्टिंग डायरेक्टर के तौर पर काम करता है। सोमवार को उसकी पत्नी की ओर से की गई शिकायत के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। पत्नी ने आरोप लगाया कि जब वह घर में नहीं थी तब आरोपी ने बेटी के साथ यौन उत्पीड़न किया। आरोपी का महिला उत्पीड़न का इतिहास रहा है। पुलिस अफसर ने बताया कि एक जुलाई को बीएनएस के क्रियान्वयन के पहले दिन कोलकाता पुलिस ने विभिन्न थानों में कम से कम 31 मामले दर्ज किए।



## भ्रष्टाचार केस में जमानत के लिए दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचे केजरीवाल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

शराब नीति घोटाले में CBI की तरफ से दर्ज कराए गए भ्रष्टाचार मामले में जमानत के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। कोर्ट इस पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा। CBI ने केजरीवाल को 26 जुलाई को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। केजरीवाल शराब नीति से जुड़े ED के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पहले से ही तिहाड़ में बंद थे। वहीं केजरीवाल ने CBI केस में अपनी गिरफ्तारी और 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के फैसले को भी हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इस मामले में जस्टिस नीना बंसल ने मंगलवार (2 जुलाई) को सुनवाई की और CBI को नोटिस जारी कर 7 दिन में जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी। इधर शराब नीति घोटाले से जुड़े ED के मनी लॉन्ड्रिंग केस में बुधवार को ही दिल्ली की एक अदालत ने केजरीवाल की कस्टडी 12 जुलाई तक बढ़ा दी है।

### केजरीवाल के वकील बोले- केजरीवाल को अवैध तरीके से हिरासत में लिया गया



केजरीवाल के वकील रजत भारद्वाज ने दिल्ली हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस तुषार राव गेदेला के सामने उनकी जमानत की याचिका को तुरंत सुनवाई के लिए रखा। रजत भारद्वाज ने कहा कि केजरीवाल को बिना सही न्यायिक प्रक्रिया का पालन किए हिरासत में ले लिया गया था। वकील ने गुरुवार को इस मामले की सुनवाई की मांग की। इस पर जस्टिस मनमोहन ने कहा कि संबंधित जज को दस्तावेज पढ़ने का समय दीजिए। हम एक दिन बाद इस मामले की सुनवाई करेंगे।

## अगले चार दिनों तक 20 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

मौसम विभाग ने बुधवार को अगले पांच दिनों तक 20 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया। इनमें उत्तर पश्चिम, पूर्वी, पूर्वोत्तर और मध्य भारत के लगभग सभी राज्य शामिल हैं। मौसम विभाग ने कहा, 4 से 7 जुलाई तक जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और चंडीगढ़ के अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने का अनुमान है। 7 जुलाई तक पंजाब, पूर्वी राजस्थान, पश्चिमी और पूर्वी मध्य प्रदेश में भारी बारिश होगी। छत्तीसगढ़ में गुरुवार को भी भारी बारिश जारी रह सकती है। 7 जुलाई को उत्तराखंड, 3 से 7 जुलाई के दौरान उत्तर प्रदेश में भारी से भारी वर्षा होने का अनुमान जताया गया है। इसके अलावा, 3 से 6 जुलाई के दौरान उत्तराखंड में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की आशंका है। इन राज्यों में इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी भी जारी की गई है।



# भाजपा नेताओं ने की मुख्यमंत्री के आवास के घेराव की कोशिश

**एजेंसी । बेंगलुरु**

कर्नाटक में विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने राज्य की सत्ताधारी कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए बंगलूरू में मुख्यमंत्री के कार्यालय और आवास के घेराव करने की कोशिश की गई। लेकिन इस दौरान भाजपा नेताओं को रोक दिया गया और पुलिस की तरफ से सभी को एहतियातन हिरासत में ले लिया गया।



### प्रदेश अध्यक्ष समेत तमाम नेता हुए शामिल

इस विरोध प्रदर्शन में कर्नाटक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र, कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक, पूर्व मंत्री एस. सुनील कुमार, अरागा ज्ञानेंद्र, एस. सुरेश कुमार, सी. एन. अश्वथ नारायण और सी. टी. रवि समेत पार्टी नेताओं के साथ कई विधायक और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए थे। लेकिन भारी पुलिस बल तैनात होने के कारण भाजपा कार्यकर्ता अपने मुख्यमंत्री आवास तक नहीं पहुंच पाए और उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

### एमयूडीए में चार हजार करोड़ का घोटाला

इस दौरान भाजपा ने आरोप लगाया है कि मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) में करीब चार हजार करोड़ रुपए का घोटाला हुआ जिनमें से एक लाभार्थी मुख्यमंत्री सिद्दरमैया की पत्नी पार्वती है। भाजपा ने यह भी आरोप लगाया कि 180 करोड़ रुपए के महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम घोटाले को राज्य सरकार की तरफ से छिपाने की कोशिश की गई है जिसके कारण एक लेखा अधीक्षक पी. चंद्रशेखरन को आत्महत्या करनी पड़ी।


## अमेरिका ने 5 वर्षों में पहली बड़ी खेप में 116 चीनी प्रवासियों को भेजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के गृह विभाग ने मंगलवार को कहा कि उसने पांच वर्षों में पहली 'बड़ी चार्टर उड़ान में अमेरिका से 116 चीनी प्रवासियों को वापस भेजा। यह उड़ान, जो सप्ताहांत में हुई, ऐसे समय में हुई है जब चीनी आप्रवासन आगामी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में गहन राजनीतिक बहस का विषय बन गया है। गृह सुरक्षा सचिव एलेजांद्रो मेयरकास ने एक बयान में कहा, 'हम अपने आप्रवासन कानूनों को लागू करना जारी रखेंगे और अमेरिका में रहने के लिए कानूनी आधार के बिना व्यक्तियों को हटाएंगे। विभाग ने कहा कि वह चीन के साथ 'अनियमित प्रवासन को कम करने और रोकने तथा विस्तारित कानून प्रवर्तन प्रयासों के माध्यम से अवैध मानव तस्करी को रोकने के लिए काम कर रहा है। इसने इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि प्रवासी कितने समय से अमेरिका में थे।

## जीका वायरस को लेकर अलर्ट

**केंद्र सरकार ने सभी राज्यों के लिए जारी की एडवाइजरी**

**नई दिल्ली/[पुणे।** महाराष्ट्र में जीका वायरस के कई मामले सामने आने के बाद केंद्र सरकार अलर्ट हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जीका वायरस को लेकर सभी राज्यों को एडवाइजरी जारी की है। इस एडवाइजरी के तहत सभी राज्यों को निगरानी बढ़ाने और गर्भवती महिलाओं में जीका वायरस के संक्रमण के खतरे को देखते हुए स्क्रीनिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।




### पुणे में बीते कुछ दिनों में जीका वायरस के छह मामले सामने आए

गौरतलब है कि महाराष्ट्र के पुणे में बीते 11 दिनों में जीका वायरस के छह मामले सामने आ चुके हैं। एक जुलाई को दो गर्भवती महिलाओं में जीका वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है। यही वजह है कि केंद्र सरकार इसे लेकर सतर्कता बरत रही है। सरकार ने जीका वायरस से संक्रमित महिलाओं के भ्रूण की लगातार निगरानी करने का भी निर्देश दिया है। अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं को मच्छरों से मुक्त रखने के लिए नोडल अफसर नियुक्त करने के साथ ही रिहायशी इलाकों, स्कूलों, निर्माणाधीन स्थलों और विभिन्न संस्थानों को भी मच्छरों से मुक्त रखने को कहा गया है।